RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
वर्ष- 13, अंक - 156 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 25 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-










## पीएम किसान सम्मान निधि से पहले

# छत्तीसगढ़ के किसानों के खातों में पहुंचेगा राजीव गांधी न्याय योजना के 1500 करोड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान 31 मार्च को किया जाएगा। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन गोधन न्याय योजना व राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को भी राशि का भुगतान किया जाएगा। राजीव गांधी किसान न्याय के चौथी किस्त के रूप में 1500 करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पहले किसानों के खातों में बड़ी रकम सीएम भूपेश बघेल जारी करेंगे।

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त की राशि का भुगतान किया गया था। केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा पहुंचने से पहले सीएम भूपेश बघेल ने किसानों के खातों में पैसा पहुंचाने का ऐलान कर किसानों की खुशी को दोगुनी कर दी है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के तहत 1500 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा भी अप्रैल में जारी होने वाला है। उससे पहले छत्तीसगढ़ के किसानों को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन मिलेगी।




### वर्मी कम्पोस्ट से बढ़ेगी जमीन की उर्वरा शक्ति

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कृषि और सहकारिता को और मजबूत करने सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों से वर्मी कम्पोस्ट का अधिक से अधिक उपयोग करने का आग्रह किसानों से किया। उन्होंने कहा कि इससे भूमि की उर्वरता बढ़ेगी। भूमि की कठोरता कम होगी और फ़सल की गुणवत्ता में सुधार होगा। मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करना होगा।

### अब 4548 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान

राजीव गांधी न्याय योजना के तहत प्रदेश के करीब 21 लाख किसानों के खातों में चौथी किस्त की राशि पहुंचेगी। अब तक राज्य के किसानों को कुल 4,548 करोड़ रुपये की राशि इस योजना के तहत प्रदान की जा चुकी है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के न्याय योजना के तहत चौथी यानी अंतिम किस्त को मिलाकर यह राशि छह हजार करोड़ रुपये हो जाएगी। किसानों को भुगतान के साथ राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के लाभार्थियों को भी वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन राशि का भुगतान किया जाएगा।

## खास-खबर

### अजीत डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से दो टूक- सीमा से हटाओ सेना, तभी आगे बढ़ेगी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीनी विदेश मंत्री वांग यी भारत दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से करीब एक घंटे बातचीत की है। इस बातचीत के दौरान भारत ने कहा है बॉर्डर क्षेत्र के बचे हुए इलाके में जल्द और पूरी तरह से सेना को हटाए जाने की जरूरत है ताकि द्विपक्षीय संबंध स्वाभाविक रास्ते पर आ सकें। उन्होंने कहा कि शांति की बहाली से आपसी विश्वास बनाने में मदद मिलेगी।

#### सकारात्मक बातचीत जारी रखने की आवश्यकता

न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि भारत ने शांति की बहाली के लिए राजनयिक, सैन्य स्तर पर सकारात्मक बातचीत जारी रखने की आवश्यकता जताई है। अजित डोभाल ने वांग यी से कहा है कि सुनिश्चित किया जाए कि कार्रवाई समान और परस्पर सुरक्षा की भावना का उल्लंघन नहीं करती है। एक ही दिशा में काम करें और बकाया मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाएं।

#### वांग यी ने अजित डोभाल को चीन आने का निमंत्रण दिया

चीनी पक्ष ने अजित डोभाल से बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए चीन का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। न्योते पर डोभाल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह तत्काल मुद्दों को सफलतापूर्वक हल करने के बाद चीन की यात्रा कर सकते हैं।

## योगी के शपथ ग्रहण से पहले लखनऊ में एनकाउंटर, पुलिस ने 1 लाख का इनामी बदमाश किया ढेर



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में योगी आदित्यनाथ के दूसरे शपथ ग्रहण से पहले राजधानी में अभूतपूर्व सुरक्षा की गई है। पीएम मोदी समेत सैकड़ों वीवीआईपी के पहुंचने से पहले यहां पुलिस और बदमाश के बीच एनकाउंटर हुआ है। पुलिस के साथ मुठभेड़ में इनामी बदमाश राहुल सिंह ढेर हो गया है।

यह मुठभेड़ हसनगंज इलाके में सुबह करीब 4 बजे हुई। इनामी बदमाश राहुल सिंह अलीगंज ज्वैलर्स लूट कांड में भी वांटेड था। लूट के दौरान उसने कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आज सुबह लखनऊ में पुलिस ने उसे घेरा तो वह गोलीबारी करने लगा। दोनों ओर से गोलीबारी में राहुल सिंह घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को अस्पताल में कराया गया भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई।

इंस्पेक्टर अलीगंज धर्मेंद्र सिंह यादव के मुताबिक कपूरथला अलीगंज सेक्टर-बी में निखिल अग्रवाल की तिरुपति ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। 8 दिसंबर 2021 की सुबह निखिल, कर्मचारी श्रवण कुमार और दो महिला कर्मचारी दुकान में मौजूद थे। उसी दौरान बदमाश धड़धड़ाते हुए दुकान में घुस गए थे। असलहों से लैस बदमाशों ने जेवर लूट लिए थे। भागते वक्त श्रवण ने एक बदमाश को दबोच लिया था। जिसने असलहे से श्रवण के पेट में गोली मार दी थी। जिससे कर्मचारी की मौत हो गई थी।

इंस्पेक्टर के मुताबिक सीसी फुटेज में शाहजहांपुर जलालाबाद निवासी राहुल नजर आया था। वहीं, गिरोह में शामिल हनी सिंह और गुड़ंबा निवासी रवि कुमार वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जिन्होंने भी राहुल के गोली चलाने की पुष्टि की थी। इस बीच पुलिस ने राहुल की तलाश के लिए शाहजहांपुर के अलावा अन्य जिलों में भी दबिश दी थी। लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

गुरुवार रात बदमाश के अलीगंज में आने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर टीमें चेकिंग कर रहीं थीं। हसनगंज बंधा रोड के पास पहुंचने पर संदिग्ध व्यक्ति नजर आया था। जिसका हुलिया राहुल सिंह से मिल रहा था। इस पर सिपाहियों ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया था। लेकिन बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें गोली लगने से राहुल सिंह ढेर हो गया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक मौके से पुलिस ने तमंचा बरामद किया है।

## मुलाकात: अशोक गहलोत और भूपेश बघेल आज करेंगे कोयला आपूर्ति पर चर्चा



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बीच कोयले की आपूर्ति को लेकर चल रही बाधाओं को दूर करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करने जा रहे हैं।

दोनों सीएम परसा कोयला ब्लॉक के दूसरे चरण से राजस्थान को कोयले की निरंतर आपूर्ति पर समाधान की उम्मीद तलाशेंगे हालांकि परसा कोयला ब्लॉक को लेकर छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने अभी तक अपनी मंजूरी नहीं दी है। राजस्थान मुख्य रूप से तापीय विद्युत उत्पादन के लिए अपनी कोयले की आवश्यकता के लिए छत्तीसगढ़ पर निर्भर है।

केंद्र ने 2015 में छत्तीसगढ़ में परसा ईस्ट-कांटा बेसिन में 15 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) कोयला ब्लॉक और 4,340 मेगावाट उत्पादन के लिए राजस्थान को परसा में 5 एमटीपीए क्षमता आवंटित की थी। एक विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें से परसा ईस्ट-कांटा बेसिन ब्लॉक के पहले चरण से कोयला भंडार का खनन किया गया है और इस इकाई से राजस्थान को अब कोयले की आपूर्ति नहीं की जाएगी क्योंकि इससे बिजली संकट पैदा हो सकता है।



### मनरेगा में सामग्री मद में भुगतान और प्रशासकीय व्यय के लिए 405 करोड़ रूपए की मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत कराए गए कार्यों में सामग्री मद के भुगतान और प्रशासकीय व्यय के लिए भारत सरकार द्वारा 405 करोड़ दस लाख 89 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान मनरेगा कार्यों में सामग्री मद के भुगतान के लिए 290 करोड़ 65 लाख 37 हजार रूपए तथा वेतन-भत्तों एवं प्रशासकीय खर्चों की पूर्ति के लिए 114 करोड़ 45 लाख 52 हजार रूपए की राशि छत्तीसगढ़ के लिए जारी करने की स्वीकृति दी है।

## बंगाल का हाल सुना संसद में रो पड़ीं भाजपा सांसद, राष्ट्रपति शासन की मांग



**कोलकाता (एजेंसी)।** भाजपा सांसद रूपा गांगुली ने बीरभूम की घटना के बारे में बताते हुए राज्यसभा में रो पड़ीं। उन्होंने सदन में कहा, हम पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग करते हैं। वहां सामूहिक हत्याएं हो रही हैं। लोग वहां से भाग रहे हैं। राज्य अब रहने योग्य नहीं है।

राज्यसभा में बीजेपी सांसद रूपा गांगुली ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में लोग बोल नहीं सकते। सरकार हत्यारों को बचा रही है। कोई दूसरा राज्य नहीं है जहां सरकार चुनाव जीतने के बाद लोगों को मारती है। हम मनुष्य हैं। हम पत्थर दिल की राजनीति नहीं करते।''

### बीरभूम मामले को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा

भाजपा की रूपा गांगुली ने आज राज्यसभा में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में आठ लोगों को जलाकर मारने की घटना का उल्लेख किया, जिसका तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने कड़ा विरोध करते हुए भारी शोरगुल और हंगामा किया। इसके कारण सदन की कार्यवाही लगभग 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

## धरती को बचाने के लिए 26 मार्च को अर्थ आवर, शनिवार रात 8:30 से 9:30 बजे तक स्वेच्छा से घरों के बिजली उपकरण बंद करने की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिजली कंपनियों ने दिल्ली वालों से अपील की है कि वे इस शनिवार दुनियाभर में मनाए जा रहे अर्थ आवर में शामिल हों। रात 8:30 बजे से 9:30 बजे के बीच स्वेच्छा से अपने घरों व कार्यस्थलों की गैरजरूरी लाइट्स व बिजली उपकरण बंद रखें। बिजली कंपनियों ने खुद ही अपने कार्यालय में अर्थ ऑवर के दौरान गैर जरूरी बिजली के उपकरण नहीं चलाने का निर्णय लिया है। जलवायु परिवर्तन धरती के लिए संकट बना हुआ है। अचानक से बदलने वाला मौसम, अप्रत्याशित तापमान इसी संकट की ओर इशारा कर रहे है। ऐसे में आवश्यक है कि अपव्ययी आदतों को छोड़कर ऐसी जीवनशैली अपनाएं जो धरती के अनुकूल हो। अर्थ आवर इसी दिशा में एक कदम है।



अर्थ आवर डब्लूडब्लूएफ (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर/ वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) का सालाना कार्यक्रम है, जिसके तहत दुनियाभर के लोगों से अपील की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अपने घरों और कार्यस्थलों पर गैरजरूरी लाइट्स और बिजली चालित उपकरणों को तय समय के दौरान बंद रखें।

### अर्थ आवर का वैश्विक रूप से 16वां वर्ष

बीएसईएस प्रवक्ता ने कहा है कि 1.8 करोड़ उपभोक्ता बेहतर भविष्य का निर्माण करें। वैश्विक स्तर पर अर्थ आवर का 16 वां वर्ष है। एक देश के एक शहर से सांकेतिक स्तर पर शुरू हुआ यह सफर आज न सिर्फ 190 देशों में बल्कि अंतरिक्ष स्टेशन तक भी पहुंच चुका है। बीएसईएस इसे लंबे समय से समर्थन कर रहा है।

## योगी की ताजपोशी आज : शाम चार बजे योगी आदित्यनाथ लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, 45 मंत्री भी ले सकते हैं शपथ



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश में योगी सरकार की ताजपोशी आज होगी। शुक्रवार शाम 4 बजे योगी आदित्यनाथ दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। साथ ही 45 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

शपथ लेने के साथ ही योगी आदित्यनाथ प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन जाएंगे जो पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा प्रदेश की सत्ता संभालेंगे। बृहस्पतिवार को भाजपा के विधानमंडल दल ने योगी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया। इसके बाद योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने योगी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

बता दें कि भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक गृहमंत्री अमित शाह, सह पर्यवेक्षक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और संगठन प्रभारी राधामोहन सिंह की मौजूद रहे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। यही नहीं अपना दल (एस) के आशीष पटेल और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने भी योगी सरकार को समर्थन देने की घोषणा की।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला: सीबीआई करेगी बीरभूम हिंसा की जांच, 7 अप्रैल तक सौंपनी होगी रिपोर्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** बीरभूम हिंसा की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई को सौंप दी गई है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की उस मांग को ठुकरा दिया, जिसमें मामले की जांच बंगाल पुलिस से ही कराने की बात कही गई थी। कोर्ट ने बंगाल के एडवोकेट जनरल (एजी) से कहा कि हमें अपने आदेश को रोकने के पीछे कोई वजह नजर नहीं आती। इसलिए आपकी मांग ठुकराई जाती है। इसी के साथ कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह मामले की जांच रिपोर्ट सात अप्रैल तक कोर्ट को सौंपे।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत अधिकारी की हत्या के कथित तौर पर विरोध स्वरूप मंगलवार तड़के बोगतुई



गांव में करीब एक दर्जन झोपड़ियों में आग लगा दी गई थी। इसमें दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इसी मामले में जनहित याचिका दायर कर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच की मांग की गई थी। इसके अलावा अदालत ने भी इस मामले का संज्ञान लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने इस केस में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की मांग का बंगाल सरकार कर रही थी विरोध

सीएम ममता बनर्जी की सरकार ने सीबीआई या एनआईए जांच के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर रहा है। उसे समय दिया जाना चाहिए। हालांकि, दो दिन तक सभी पक्षों को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आर भारद्वाज की खंडपीठ ने कहा कि वह दलीलों पर विचार के बाद आदेश पारित करेगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वाईजे दस्तूर ने कहा कि सीबीआई या एनआईए जांच शुरू करने के लिए तैयार हैं यदि उच्च न्यायालय इस आशय का आदेश पारित करता है।

बंगाल के महाधिवक्ता ने याचिकाकर्ताओं द्वारा मामले को सीबीआई या एनआईए को स्थानांतरित करने की प्रार्थना का विरोध किया और अपने तर्क के समर्थन में विभिन्न अदालतों के कई पुराने फैसलों का हवाला दिया। मुखर्जी ने बताया कि बुधवार को पीठ के आदेश के अनुसार अपराध स्थल पर 31 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार के नियंत्रण वाली एजेंसी के अलावा किसी अन्य एजेंसी से जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि अगर सीबीआई या एनआईए को तुरंत जांच का आदेश नहीं दिया गया तो सबूतों से छेड़छाड़ की संभावना है।

## छत्तीसगढ़ में भी शराबबंदी की तैयारी! आबकारी मंत्री जाएंगे बिहार और गुजरात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भी शराबबंदी लागू करने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। यह कैसे लागू हो और किस तरह इसका मॉड्यूल तैयार किया जाए इसे लेकर छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा बिहार जाएंगे। आबकारी मंत्री गुजरात भी जाएंगे और जानेंगे कि वहां किस तरीके से शराबबंदी पर काम हो रहा है। गुरुवार को उन्होंने इस बात की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों की नीतियों को समझकर छत्तीसगढ़ में शराबबंदी लागू की जा सकती है।



कवासी लखमा ने कहा कि शराबबंदी लोगों के विचार और उनके सुझाव के साथ लागू की जाएगी। छत्तीसगढ़ सात राज्यों से घिरा हुआ है। शराबबंदी होने पर इसके असर को भी समझना जरूरी होगा। जहां शराबबंदी हुई वहां बहुत से आदिवासी आज जेल में है तो हर स्थिति को ध्यान में रखते हुए कदम उठाएंगे।

बस्तर को लेकर कवासी लखमा ने कहा कि वहां शराबबंदी शायद लागू न हो, क्योंकि आदिवासी संस्कृति में लोग दुख-सुख त्यौहार बच्चे के जन्म जैसे मौकों पर शराब का सेवन करते हैं। यह पांचवीं अनुसूची क्षेत्र है ऐसे में जो ग्राम पंचायत चाहेगी वही होगा। शराब की कमाई को लेकर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि इन पैसों से छत्तीसगढ़ में रोजगार, नौकरी के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। जरूरतमंद लोगों को पेंशन दी जा रही है, सड़कों को बनाने का काम हो रहा है।

## संपादकीय

# समझदारी जरूरी

हिजाब मामले में देश की सर्वोच्च अदालत का रुख प्रथम दृष्टया प्रशंसनीय और सांकेतिक है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना के रुख से समाज में समझदारी का अनुपात बढ़ना चाहिए। अदालत का इशारा है कि मामले को ज्यादा सनसनीखेज न बनाया जाए। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लाने वाले अधिवक्ता ने परीक्षाओं का हवाला देते हुए जल्दी सुनवाई की मांग की थी, पर अदालत को जल्दी नहीं है। अदालत ने कहा है कि परीक्षाओं का इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। परीक्षा देने संबंधी जो प्रावधान हैं, उनमें हिजाब जैसी कोई बात नहीं है। कर्नाटक में कई लड़कियों ने हिजाब पहनने की जिद के कारण परीक्षा में बैठने से इनकार कर दिया था। कर्नाटक सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि दोबारा परीक्षा नहीं ली जाएगी, जबकि कुछ लड़कियों की मांग है कि परीक्षा फिर से ली जाए, वरना साल बर्बाद हो जाएगा। यहां प्रश्न प्राथमिकता का है, हिजाब या परीक्षा? ऐसे कारणों से अगर परीक्षा दोबारा होने लगे, तो एक नई परिपाटी शुरू हो जाएगी, जिसे गलत मानने वाले भी अच्छी-खासी संख्या में होंगे। फिर भी उन लड़कियों के बारे में शिक्षा के कर्णधारों को स्थानीय स्तर पर कोई फैसला लेना चाहिए, ताकि उनका साल बर्बाद न हो। वैसे तो कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पहले ही अपना फैसला सुना दिया है कि हिजाब अनिवार्य नहीं है। यह कोई ऐसा हक नहीं है, जो मजहब से हासिल होता हो। आम जनजीवन में हिजाब पर कोई रोक नहीं है, कोई भी पहन सकता है, लेकिन जब बात स्कूल और कॉलेज की आती है, तो अनुशासन और एकरूपता को अहमियत देना अपरिहार्य है। जाहिर है, इस फैसले से असंतुष्ट लोगों ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्कुल वाजिब इशारा किया है कि यह मामला उतने महत्व का नहीं है, जितना उसे बनाया जा रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने न्यायिक और धार्मिक आधारों के अध्ययन के बाद अपने फैसले में हिजाब सहित शैक्षणिक संस्थानों के अंदर सभी तरह के धार्मिक कपड़ों पर प्रतिबंध को सही माना था। अब सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है, क्या हिजाब जरूरी धार्मिक प्रथा है।

> “ स्कूलों, कॉलेजों में प्राथमिकता पढ़ाई ही रहे। सामान्य शिक्षा किसी धार्मिक कर्मकांड का क्षेत्र नहीं है। स्कूलों-कॉलेजों के बाहर धार्मिक व्यवहार की भी पूरी आजादी है, जिसकी रक्षा संविधान करता है और हमेशा करेगा। अब स्कूलों में भी धर्म के नाम पर किसी परिधान को अगर स्वीकार किया जाना है, तो इसके लिए भी सद्भाव जरूरी है, ताकि हम अप्रिय स्थितियों से बचते हुए राह निकाल सकें।

वास्तव में, ऐसे मामलों को हम जरूरत से ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। कई बार सनसनीखेज और हिंसक भी बना दे रहे हैं। अगर हम इसी मामले को लें, तो उच्च न्यायालय के जिन न्यायाधीशों ने यह फैसला सुनाया था, उन्हें मौत की धमकी दे दी गई। शिकायत मिलने के बाद न्यायमूर्तियों को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। किसी भी चीज को धर्म के नजरिए से देखने में बुराई नहीं है, पर जब सांप्रदायिकता के नजरिए से देखा जाता है, तब समस्या होती है। हिजाब के पक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ सांप्रदायिकता की घुसपैठ है। अदालत इस घुसपैठ से परे जाकर संविधान की रोशनी में ही विचार करेगी। आज समाज जिस ओर बढ़ रहा है, उसमें सांप्रदायिकता की चाशनी में पगे ऐसे मामले खूब सामने आएंगे। अव्वल तो लोगों को ही सावधान रहना होगा। स्कूलों, कॉलेजों में प्राथमिकता पढ़ाई ही रहे। सामान्य शिक्षा किसी धार्मिक कर्मकांड का क्षेत्र नहीं है। स्कूलों-कॉलेजों के बाहर धार्मिक व्यवहार की भी पूरी आजादी है, जिसकी रक्षा संविधान करता है और हमेशा करेगा। अब स्कूलों में भी धर्म के नाम पर किसी परिधान को अगर स्वीकार किया जाना है, तो इसके लिए भी सद्भाव जरूरी है, ताकि हम अप्रिय स्थितियों से बचते हुए राह निकाल सकें।

## यूक्रेन, भारत और चीन

आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मोरिसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अपनी द्विपक्षीय वार्ता में वही बात कही, जो जापान के प्रधानमंत्री फ्यूमिओ किशिदा ने कही थी। दोनों प्रधानमंत्रियों ने यूक्रेन के सवाल पर रूस की आलोचना की और यह भी कहा कि रूस ने यूरोप में जो खतरा पैदा किया है, वैसा ही खतरा एशिया में चीन पैदा कर सकता है। इन दोनों देशों में कई नेताओं ने यह साफ-साफ कहा है कि यूक्रेन पर जैसा हमला रूस ने किया है, वैसा ही ताइवान पर चीन कर सकता है। चीन पर यह दोष तो पहले से ही मढ़ा हुआ है कि वह चीनी दक्षिण सागर और जापान के एक टापू पर अपना अवैध वर्चस्व जमाए हुआ है। इन दोनों नेताओं के साथ मोदी ने इसी बात पर जोर दिया कि सभी देशों की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा की जानी चाहिए और हमले की बजाय बातचीत को पसंद किया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत को यूक्रेन के दलदल में घसीटने की कोशिश जरुर की लेकिन भारत अपनी नीति पर अडिग रहा। जापान और आस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस के खिलाफ मतदान किया और उस पर थोपे गए प्रतिबंधों का समर्थन किया लेकिन भारत ने अमेरिका के इशारे पर थिरकने से मना कर दिया। भारत को डराने के लिए इन राष्ट्रों ने चीन का घड़ियाल भी बजाया लेकिन आश्चर्य है कि इन्होंने अपनी पत्रकार-परिषद और संयुक्त वक्तव्य में एक बार भी गलवान घाटी में चीनी अतिक्रमण का जिक्र तक नहीं किया। इसका अर्थ यही निकला कि हर राष्ट्र अपने राष्ट्रीय स्वार्थों की ढपली बजाता रहता है और यह भी चाहता है कि दूसरे राष्ट्र भी उसका साथ दें। यह अच्छा है कि भारत ने कई बार दो-टूक शब्दों में कह दिया है कि चौगुटा (क्वाड) नाटो की तरह सामरिक गठबंधन नहीं है लेकिन चीनी नेता इस चौगुटे को नाटो से भी बुरा सैन्य-गठबंधन ही मानते हैं। वे इसे 'एशियन नाटो' कहते हैं। उनका मानना है कि शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद नाटो जैसे सैन्य संगठन को विसर्जित कर दिया जाना चाहिए था लेकिन उसके साथ पहले तो रूस के पूर्व प्रांतों को जोड़ लिया गया और अब यूक्रेन को भी शामिल किया जाना था। -वेद प्रताप वैदिक

> “ **हम समस्या पर बेशक जन-जागरूकता बढ़ाएं, लेकिन उसके समाधान को लेकर कहीं ज्यादा जागरूकता फैलाने की दरकार है। और, इसके लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, उद्योग जगत को वाजिब दरों पर स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने, निजी गाड़ियों के इस्तेमाल को हतोत्साहित करने और कचरे का विशेष प्रबंधन करने की जरूरत है। तभी हम जहरीली आबोहवा से मुक्ति पा सकेंगे।**

# कभी पूछिए अपने शहर से उसका हाल

अनुमिता रॉय चौधरी,कार्यकारी निदेशक, सीएसई

आईक्यूएयर की नई रिपोर्ट बताती है कि भारत का कोई भी शहर वर्ष 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के वायु गुणवत्ता मानक पर खरा नहीं उतर सका। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली की हवा दुनिया की तमाम राजधानियों में सबसे जहरीली है और विश्व के शीर्ष 100 प्रदूषित शहरों में से 63 भारत के हैं। जाहिर है, दुनिया भर के नगरों का अध्ययन करके तैयार की गई यह रिपोर्ट काफी खास है। अब हम न सिर्फ वायु प्रदूषण की प्रवृत्तियों का अध्ययन कर रहे हैं, बल्कि उन नीतियों की भी पड़ताल में जुट गए हैं, जो वायु प्रदूषण के खिलाफ सरकारें अपनाती रही हैं।

मगर इस तस्वीर का एक अन्य पहलू भी है। यह रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2020 की तुलना में 2021 में प्रदूषण में काफी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली की आबोहवा 15 फीसदी अधिक दूषित हो गई है। लेकिन सच यह भी है कि 2020 में कोरोना महामारी के कारण हम एक लंबे लॉकडाउन के गवाह बने थे। आर्थिक गतिविधियों पर रोक लगने और सड़कों पर गाड़ियों का बोझ न होने के कारण पूरे देश में प्रदूषण के स्तर में तेज गिरावट आई थी। इसीलिए, जब अर्थव्यवस्था खोलने की कवायद शुरू हुई, तब तमाम विश्लेषकों ने प्रदूषण में इजाफा होने के कयास लगाए थे। आईक्यूएयर की रिपोर्ट इसकी तस्दीक कर रही है। हालांकि, 2016 से 2020 तक का जब हम ट्रेंड देखते हैं, तो पता चलता है कि दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। इसका अर्थ यह है कि प्रदूषण की दीर्घकालिक प्रवृत्ति में गिरावट दिख रही है। इसलिए इस नई रिपोर्ट के बहाने यह चिंतन भी होना चाहिए कि आर्थिक गतिविधियों के सुचारू रूप से काम करने के कारण 2021 में प्रदूषण का जो स्तर हम देख रहे हैं, उसे किस तरह से नियंत्रित किया जाए?



साफ है, हमें ऐसी योजनाएं बनानी होंगी, जो धरातल पर सफल साबित हों। विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रयास हो भी रहे हैं, लेकिन अब भी कई ऐसे छिद्र हैं, जिनको भरना अति-आवश्यक है। सबसे पहले तो गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने पर काम होना चाहिए। इसके लिए न सिर्फ सार्वजनिक परिवहन को बड़े पैमाने पर बढ़ाना होगा, बल्कि सड़कों पर निजी गाड़ियों को कम करने की रणनीति भी अपनानी होगी। अच्छी बात है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लेकर सरकारें संजीदा हुई हैं। दिल्ली सरकार ने तो यह लक्ष्य बनाया है कि 2024 में जितनी गाड़ियां सड़कों पर होंगी, उनमें से 25 फीसदी इलेक्ट्रिक होनी चाहिए। हमें इस लक्ष्य को पाना ही होगा। इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर मिलने वाली सब्सिडी इसमें कारगर भूमिका निभा सकती है।

इसी तरह, औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल हो रहे ईंधन को भी हमें बदलना होगा। दिल्ली में कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल बंद कर दिया गया है। ऐसे में, प्राकृतिक गैस का विस्तार आवश्यक है। उद्योग जगत जितनी तेजी से स्वच्छ ईंधन की तरफ आकर्षित होगा, पर्यावरण में कार्बन का उत्सर्जन उतनी तेजी से कम होगा। हमें कचरा प्रबंधन पर भी प्रमुखता से काम करना होगा। कचरा का बेहतर निस्तारण तो होना ही चाहिए, कोशिश यह भी होनी चाहिए कि उनका फिर से इस्तेमाल हो सके। हालांकि, महज राष्ट्रीय राजधानी में काम करने से बात नहीं बनेगी। हमें पूरे एनसीआर में उसी सख्ती से योजनाओं को अमलीजामा पहनाना होगा, जितनी कठोरता की जरूरत दिल्ली में है। यह समझना होगा कि प्रदूषण की कोई प्रशासनिक सीमा नहीं होती। दिल्ली के आसपास के इलाकों में यदि प्रदूषण बढ़ता जाएगा, तो राष्ट्रीय राजधानी की हवा भी साफ नहीं रह सकेगी। एनसीआर के तमाम साझेदार विभागों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा।

वायु प्रदूषण कई पहलुओं पर निर्भर करता है। हर देश की अलग-अलग भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियां होती हैं। इनका प्रदूषण पर खासा असर पड़ता है। यही वजह है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों और उत्तर भारतीय शहरों में तुलनात्मक रूप से प्रदूषण का स्तर अधिक रहता है, जबकि दक्षिण भारत या देश के पूर्वोत्तर में प्रदूषण उतना परेशान नहीं करता। इसलिए, स्वच्छ वायु के लिए कोई रणनीति बनाते वक्त हमें स्थानीय स्तर पर भौगोलिक व मौसमी परिस्थितियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सुखद है कि सरकार ने नीतिगत मोर्चे पर काम शुरू कर दिया है। साल 2019 में देश भर में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसका मकसद साल 2024 तक 20-30 फीसदी तक प्रदूषण कम करना है। इसके लिए 132 शहरों को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा, दिल्ली-एनसीआर में भी अलग से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। यानी, योजना-निर्माण के स्तर पर देश भर में काम हो रहा है, इसलिए इनके क्रियान्वयन को लेकर हमें प्रयास करना होगा। यह देखना होगा कि हमने इसमें कितने संसाधन लगाए हैं, या हमारी संस्थागत क्षमताओं में कितना इजाफा हो रहा है? पिछली कई योजनाओं का हश्र देखने का बाद यही समझ में आता है कि जब तक ऐसे कार्यक्रमों को राजनीतिक स्तर पर सहयोग नहीं मिलता, तब तक वे सार्थक नहीं हो पाते हैं।

हमारे नियामक बताते हैं कि देश में कहीं प्रदूषण बढ़ रहा है, तो कहीं घट रहा है, तो कहीं मिश्रित रुझान भी दिखने में आ रहे हैं। इसलिए हमें समस्या पर नहीं, बल्कि समाधान पर अधिक सोचना चाहिए। सार्वजनिक मंचों पर योजनाओं की चर्चा होने से उनको जन-समर्थन मिलता है। जनता और सरकार की समझ बढ़ाए बिना हम प्रदूषण के खिलाफ लड़ ही नहीं सकते। इसका अर्थ यह भी है कि देश भर में निस्संदेह प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन इसको नियंत्रित करने के लिए जिस तरह की योजनाओं की जरूरत है, उनके निर्माण और क्रियान्वयन के लिए हमें आम लोगों को जोड़ना होगा।

हम समस्या पर बेशक जन-जागरूकता बढ़ाएं, लेकिन उसके समाधान को लेकर कहीं ज्यादा जागरूकता फैलाने की दरकार है। और, इसके लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, उद्योग जगत को वाजिब दरों पर स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने, निजी गाड़ियों के इस्तेमाल को हतोत्साहित करने और कचरे का विशेष प्रबंधन करने की जरूरत है। तभी हम जहरीली आबोहवा से मुक्ति पा सकेंगे।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# बीरभूम की लाल मिट्टी पर हिंसा के स्याह धब्बे

प्रभाकर मणि तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल हाल के वर्षों में अक्सर राजनीतिक हिंसा और हत्याओं के लिए सुर्खियों में रहा है, लेकिन यह पहला मौका है, जब एक साथ इतने लोगों के मारे जाने के बावजूद पुलिस, प्रशासन, तृणमूल कांग्रेस समेत कोई भी पार्टी इसे राजनीतिक हत्या नहीं बता रही है।

बीरभूम जिले की लाल मिट्टी वाममोर्चा सरकार के शासनकाल से ही हिंसा की चपेट में रही है। अब तृणमूल नेता की हत्या और उसके बाद कथित बदले के तौर पर गांव के कई घरों में आग लगाकर कम से आठ लोगों को जिंदा जलाने की घटना ने लोगों को आज से कोई 22 साल पहले हुए नानूर कांड की याद दिला दी है। वाममोर्चा के शासनकाल में भी यह जिला राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा अशांत इलाके के तौर पर कुख्यात था। नानूर के सूचपुर इलाके में सीपीएम समर्थकों की एक भीड़ ने तब 11 भूमिहीन मजदूरों की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी थी। तब इसे इलाके पर वर्चस्व दोबारा कायम करने के उसके अभियान के तौर पर देखा गया था। उन दिनों इलाके में तृणमूल कांग्रेस धीरे-धीरे मजबूत हो रही थी। इस हत्याकांड के बाद तत्कालीन रेल मंत्री ममता बनर्जी ने मौके का दौरा किया था और उस हत्याकांड में मारे गए लोगों के परिजनों को रेलवे में नौकरी देने का भरोसा दिया था।



पश्चिम बंगाल में राजनीतिक विरोध के कारण होने वाली सामूहिक हत्याएं नई नहीं हैं। इनकी शुरुआत तो 1970 के दशक में ही हो गई थी। खैर, ताजा हिंसा के बाद मंगलवार सुबह से लोगों के अपने जरूरी सामान के साथ गांव छोड़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह बुधवार को भी जारी रहा, इनमें उन भादू शेख का परिवार भी है, जिसकी मौत ही इस घटना की वजह बनी। वैसे भादू शेख के विरोधी समझे जाने वाले ज्यादातर घरों के पुरुष सदस्य तो भादू की मौत की खबर मिलते ही गांव छोड़कर भाग चुके थे। पीछे बची महिलाएं भी अपने बच्चों और घर के जरूरी सामान के साथ परिचितों या रिश्तेदारों के घर चली गई हैं। पूरे इलाके में सन्नाटा और गहरा गया है। अब गांव के लोगों से कहीं ज्यादा तादाद में पुलिस के जवान तैनात हैं।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बोगटुई गांव में आठ लोगों को जिंदा जलाकर मारने की घटना दरअसल राज्य की राजनीति में वर्चस्व, इलाकों पर कब्जे और कमाई के संसाधनों पर पकड़ बनाए रखने की पुरानी और लगातार चलने वाली लड़ाई का ही नतीजा है। अब इस घटना के बाद यह गांव राजनीति का अखाड़ा बन गया है और खासकर विपक्षी दल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में जुट गए हैं। दूसरी ओर, राज्यपाल जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस मुद्दे पर आमने-सामने आ गए हैं। पश्चिम बंगाल में बीते करीब 11 साल में यह पहला मौका है, जब एक साथ इतने सारे लोगों की हत्या हुई है। इससे पहले 7 मार्च, 2011 को पश्चिम मेदिनीपुर के नेताई में एक साथ नौ लोगों की हत्या कर दी गई थी।


बीते एक दशक में या यह कहें कि ममता बनर्जी की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह पहला सामूहिक हत्याकांड है। इसने जहां ममता बनर्जी और उनकी सरकार को पिछले कदम पर धकेल दिया है, वहीं इसने विपक्ष को उनके खिलाफ एक मजबूत हथियार भी दे दिया है। विपक्ष में रहते हुए ममता बनर्जी सीपीएम के खिलाफ अपने अभियान के दौरान लगभग हर जगह नानूर और नेताई के सामूहिक हत्याकांडों का जिक्र करना नहीं भूलती थीं। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता नाम नहीं छापने की शर्त पर कहते हैं, इस ताजा घटना से पहले हम इस बात का गर्व से दावा करते थे कि हमारी पार्टी के सत्ता में आने के बाद सामूहिक हत्याकांड की कोई घटना नहीं घटी है। इस मामले में भले ही हमारे समर्थकों की ही मौत हुई हो, लेकिन दुखद बात यह है कि इनमें बेकसूर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

तृणमूल नेता कहते हैं, अब हमारे खिलाफ इस घटना के जरिये भाजपा भी कानून-व्यवस्था की नाकामी का मुद्दा उठा रही है। बीरभूम में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता कहते हैं, हमने कभी ऐसी घटना की कल्पना तक नहीं की थी। इस घटना के बाद राजनीति अचानक गरमा गई है। भाजपा और वाम दलों ने राज्य सरकार पर इस मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस मामले पर सरकार की खिंचाई करते हुए मुख्य सचिव से इस घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उधर, भाजपा ने राज्य में कानून और व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार कहते हैं कि बंगाल धीरे-धीरे राष्ट्रपति शासन की ओर बढ़ रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





जिंदगी पहेली है
कभी उलझती,
कभी सुलझती,
चक्र बनकर घूमती
सिरा दिखता ही
नहीं।

-अंजली जैन
7024460938

# महंगाई के दुष्चक्र में विकास

अजीत द्विवेदी

भारत में विकास अदृश्य सा हो गया है। पिछले कई बरसों से इसकी तलाश चल रही है। लेकिन हर गुजरते साल के साथ विकास नजरों से दूर होता जा रहा है। नोटबंदी की वजह से सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की विकास दर गिर कर चार फीसदी तक आ गई थी और उसके बाद कोरोना के पहले साल में यह माइनस 6.7 फीसदी रही। कोरोना के दूसरे साल में विकास दर सकारात्मक हुई लेकिन माइनस 6.7 फीसदी के ऊपर सिर्फ डेढ़ फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कमजोर आधार के ऊपर चालू वित्त वर्ष में नौ फीसदी से ज्यादा विकास दर की उम्मीद की जा रही थी लेकिन वित्त वर्ष के आखिर में आई ओमिक्रॉन की लहर और यूक्रेन पर रूस के हमले ने सारी उम्मीदों को धुंधला कर दिया। युद्ध की वजह से कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई का नया खतरा देश के सामने खड़ा हो गया है। सरकार की ओर से जारी पिछले दो महीनों यानी जनवरी और फरवरी के आंकड़ों में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक की ओर से तय की गई अधिकतम सीमा से ऊपर थी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति का कंफर्ट जोन चार फीसदी का बनाया है और इसमें दो फीसदी प्लस-माइनस की गुंजाइश रखी है। इस लिहाज से अधिकतम सीमा छह फीसदी है। लेकिन जनवरी और फरवरी दोनों महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति छह फीसदी से ज्यादा रही और थोक मुद्रास्फीति लगातार 11 महीने से दहाई में है। यूक्रेन पर रूस के हमले और ओपेक देशों के उत्पादन नहीं बढ़ाने के फैसले का साझा असर यह है कि अभी कच्चे तेल की कीमत एक सौ डॉलर प्रति बैरल है और एक अनुमान के मुताबिक यह 125 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाएगी। ध्यान रहे भारत अपनी जरूरत का लगभग 84 फीसदी तेल आयात करता है। ऐसे में भारत के लिए मुद्रास्फीति दर छह फीसदी से नीचे रखना नामुमकिन है। पिछले चार महीने से चुनावों की वजह से भारत में तेल की खुदरा कीमतें स्थिर थीं, लेकिन अब उनमें बढ़ोतरी शुरू हो गई है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी और रसोई गैस की कीमतों में एक साथ बढ़ोतरी हुई है।

पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी से पहले सरकार ने थोक कीमत में एक साथ 25 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। ऐसा प्रचारित किया गया कि थोक कीमत में बढ़ोतरी का असर आम लोगों पर नहीं होगा। लेकिन यह झूठा प्रचार है। थोक कीमतों में बढ़ोतरी ज्यादा बड़ी आबादी को प्रभावित करेगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंड्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### अन्नप्राशन के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में हुआ बच्चों का वजन, उंचाई का मापन

**कोरिया।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार पोषण पखवाड़ा का आयोजन कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के नेतृत्व में जिले में 21 मार्च से शुरू किया गया है। यह पोषण पखवाड़ा 04 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में 24 मार्च गुरुवार को जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों की उपस्थिति में अन्नप्राशन, गोदभराई, शाला पूर्व प्रवेष दिवस, पोषण दिवस, जनस्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का वजन, उंचाई का मापन किया गया। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाना है। इस अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शासन के सभी विभागों का सहयोग वांछनीय है ताकि इस अभियान के माध्यम से वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत और समुदाय स्तर पर व्यवहार परिवर्तन करने का प्रयास सफल हो सके। इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर दिनांक 21 से 04 अप्रैल 2022 तक प्रत्येक दिवस की कार्ययोजना बनाई गई है। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 21 से 27 मार्च 2022 तक विशेष रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों के समस्त हितग्राही बच्चों जिनकी उम्र 06 माह से 06 वर्ष तक है, उनका वजन एवं उंचाई एवं लंबाई का मापन कार्य किया जा रहा है। पखवाड़ा अंतर्गत समुदाय आधारित गतिविधि जैसे स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, गृहभेंट, पोषण पंचायत बैठक, सुपोषण चौपाल, स्व सहायता समूह, कृषक समूह की बैठक, हाट बाजार की प्रचार- प्रसार, प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है।

# राज्य सरकार की योजनाओं से सभी वर्गों का हो रहा है विकास - मंत्री डहरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर-चांपा। नगरीय प्रशासन विकास, श्रम मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब, किसान आदि सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं और उनके विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। वे आज अकलतरा विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में जय स्तंभ और जानकी मंदिर के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की सदस्य श्रीमती मंजू सिंह भी उपस्थित थीं।

डॉ डहरिया ने अपने उद्बोधन में राज्य शासन की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ एपीएल वर्ग के परिवारों को भी मिल रहा है। डॉ. डहरिया ने अपने उद्बोधन में गोधन न्याय योजना ,बाड़ी विकास, गौठान, नरवा विकास योजना, स्टॉप डेम आदि का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। स्व सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रहीं हैं।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपने समन्वित विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपने किए गए अधिकांश वादे पूरे कर दिए गए हैं। इनमें किसानों की कर्ज माफी, बिजली बिल हाफ योजना आदि शामिल है। अपने उद्बोधन में उन्होंने अर्जुनी में सतनाम समुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की घोषणा की। इसके पूर्व डॉ डहरिया ने जय स्तंभ और जानकी मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, राघवेन्द्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सर्वश्री राजकुमार अंचल, पप्पू बघेल, खुलन सोनवानी, दिलेश्वर साहू, सरपंच श्रीमती गीता कुर्रे, सुशांत सिंह, शिव भारद्वाज, महेश्वर टंडन, वहीद खान, दिलावर राणा, गजानंद बंजारे, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव जारी है। राज्य में 23 मार्च तक 95.82 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 31.41 लाख मीटरिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 16.82 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 14.59 लाख मीटरिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 95.82 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 74 लाख 57 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 73 लाख मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 82 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है।

# भूपेश सरकार के सुशासन के कारण राज्य में बेरोजगारी दर घटी - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि देश मे कोरोना काल में न सिर्फ हजारों लोग काल के गाल में समा गए, बल्कि लाखों लोगों की रोजी रोटी भी छीन गई थी।ऐसे में समय मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के सरकार के द्वारा राज्य में रोजगार उपलब्ध कराने किए गए योजनाबद्ध सफल उपायो का नतीजा है। छत्तीसगढ़ रोजगार देने में राज्यों की सूची में तीसरे नम्बर पर है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनॉमी संगठन द्वारा जारी किये गये बेरोजगारी के नवीनतम आंकड़े छत्तीसगढ़ सरकार की रोजगार स्वरोजगार और सरकारी नोकरी के जरिये रोजगार देने की सफलता की गवाही है। छत्तीसगढ़ 1.7 प्रतिशत के साथ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में तीसरे क्रम पर है। राज्य सरकार के नीतिगत फैसले और बेहतर कार्यप्रबंधन से लगातार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। जिससे राज्य की बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट आ रही है। फरवरी 2022 की स्थिति में सीएमआईई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे कम बेरोजगारी दर ओडिशा में एक प्रतिशत है। वहीं छत्तीसगढ़ 1.7 प्रतिशत के साथ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में तीसरे क्रम पर है। जबकि सर्वाधिक बेरोजगारी दर राजस्थान में 32.3 और हरियाणा में 31 प्रतिशत है। वर्तमान में देश में बेरोजगारी दर 7.4 प्रतिशत है। शहरी बेरोजगारी दर 8.1 प्रतिशत और ग्रामीण बेरोजगारी 7.2 प्रतिशत है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा गांवों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, रूरल इंडस्ट्रीयल पार्कों की स्थापना, लघु वनोपजों के संग्रहण एवं वैल्यू एडीशन, उद्यमिता विकास जैसी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नये-नये अवसर सृजित हो रहे हैं। इन योजनाओं से राज्य के विकास को गति मिल रही है, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट आ रही है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भी देशव्यापी आर्थिक मंदी से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था अछूती रही।

# चेम्बर अध्यक्ष पारवानी के अनुभव, विश्वास, साथ के गौरवशाली कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के कुशल नेतृत्व में 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन चेम्बर कार्यालय, चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में किया गया।



चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पूर्व चेयरमेन स्व.श्री अमर धावना जी की तीसरी पुण्यतिथि पर उनका स्मरण कर चेम्बर में किये गये उनके कार्यों को याद किया।व्यापार शिरोमणि सम्मान से सम्मानित अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैट अमर पारवानी के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम चेंबर कार्यकर्ताओं द्वारा पारवानी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

यह वर्ष पारवानी के नेतृत्व में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा, आज के कार्यक्रम में पारवानी ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ युद्धस्तर पर वैक्सीनेशन एवं मास्क वितरण का अभियान चलाया गया जिसमें व्यापारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया तथा तीसरे लाकडाउन को टालने में चेम्बर सफल रहा।

लॉकडाउन की अवधि में ऑनलाइन होम डिलीवरी पर प्रतिबंध लगना भी शामिल है। चेंबर भवन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा रियायती दर पर भूमि देने की घोषणा की गई, मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट दी गई, कपड़े पर बढ़े जीएसटी दर का केंद्र सरकार द्वारा वापस लिया गया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा एशिया के सबसे बड़े होलसेल कोरिडोर के स्थापना हेतु तत्पर, जिसमें 7100 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिसमें 680 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

मुख्यमंत्री जी से मिलकर रिहाइशी क्षेत्र में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों के नियमितिकरण करवाया। जीएसटी को लेकर वाणिज्यिक कर मंत्री एवं केन्द्रीय वित्तमंत्री से मिलकर समस्याओं का निराकरण करवाया। विगत 1 वर्ष में 4000 से अधिक नए आजीवन सदस्यों का जुड़ना हो या शासन प्रशासन को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराकर उसका समाधान कराना, समस्त कार्यों को गति देने हेतु युवा चेम्बर का गठन, ये समस्त उपलब्धियां इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर लिखी जाएगी।

इस अवसर पर चेम्बर संरक्षक, चेयरमैन, सलाहकार एवं टीम का भी सम्मान किया गया। तथा व्यापारिक एवं सामाजिक हित में 1 वर्ष में किये गये कार्यों की सफलता का श्रेय चेम्बर पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा समस्त व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को देते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री पारवानी ने कहा कि अनुभव, विश्वास, साथ के गौरवशाली एक वर्ष के इतिहास में चेंबर के अधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त व्यापारीगणों के निरंतर प्रयास से नित नए आयाम गढ़े जा रहे हैं और आगे भी इसे हम कायम रखेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक एवं सलाहकार मंडल ने अपने आशीर्वचन में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी एवं उनकी टीम की सराहना की। इस अवसर पर चेम्बर पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों/एसोसियेशनों के पदाधिकारियों सहित अनेक व्यापारी एवं उद्योगपति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 13वां फैजा इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2022

# छत्तीसगढ़ की ईश्वरी ने दुबई में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में जीता रजत पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।छत्तीसगढ़ के महासमुंद की दृष्टिबाधित धावक सुश्री ईश्वरी निषाद ने दुबई में आयोजित 13वें फैजा इंटरनेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप के अंतर्गत वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2022 में बुधवार को दौड़ प्रतियोगिता में भारत के लिए रजत पदक जीता। सुश्री ईश्वरी ने 400 मीटर की दौड़ एक मिनट 25 सेकंड में पूरी कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है।




इसके साथ ही सुश्री ईश्वरी इस साल अक्टूबर में चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के लिए न्यूनतम मानक योग्यता हासिल करने में सफल हो गई हैं। विश्व स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने सुश्री ईश्वरी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने विगत पांच मार्च को राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सुश्री ईश्वरी को राष्ट्रीय स्तर पर पैराएथलेटिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया था। इसके साथ ही उन्होंने कुमारी ईश्वरी निषाद के खेलने के लिए दुबई जाने का खर्च विभाग द्वारा वहन करने की घोषणा की थी।

सुश्री ईश्वरी निषाद, फॉर्चून फाउण्डेशन नेत्रहीन विशेष विद्यालय, बागबाहरा, जिला महासमुंद में अध्ययनरत हैं। उसने वर्ष 2021-22 में बैंगलोर सांई प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 3तक इंडिया नेशनल ओपन पैरा एथलेटिक चैम्पियनशीप में 200 मीटर रेस में स्वर्ण पदक पाकर देश को गौरवान्वित किया है। सुश्री ईश्वरी दुबई से लौटने के बाद इस माह की 27 तारीख को नई दिल्ली से ओड़िसा के लिए रवाना होंगी। वह भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले 20वें नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेंगी।

सुश्री ईश्वरी मूलतः महासमुंद जिले के बागबाहरा तहसील के सम्हर गांव की रहने वाली है। उनके माता-पिता मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। कमजोर आर्थिक स्थिति और शारीरिक अक्षमता के बावजूद सुश्री ईश्वरी ने खुद को साबित किया है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ई-केवायसी कराने समय-सीमा 31 तक

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत भू-धारक कृषकों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपये तीन किस्तों में सहायता राशि प्रदान की जाती है। भारत सरकार द्वारा पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के लिए ई-केवायसी अनिवार्य किया गया है। 31 मार्च 2022 तक अनिवार्यतः ई-केवायसी करवा ले, ताकि सहायता राशि मिलने में किसी प्रकार की समस्या न आये। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अभियान चलाकर सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी 15 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI[th] XII[th] B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### जिला अस्पतालों में स्थापित स्पर्श क्लिनिक में मनोरोगियों के निःशुल्क काउन्सलिंग व उपचार की सुविधा

**रायपुर।** प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में स्थापित स्पर्श क्लिनिक में मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों को काउन्सलिंग और उपचार की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन क्लिनिकों की ओपीडी में चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अब तक एक लाख 14 हजार 458 पंजीयन हुए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में स्पर्श क्लिनिकों की ओपीडी में इलाज के लिए 85 हजार 292 पंजीयन हुए थे। साथ ही 'चौम्प प्रोजेक्ट के तहत 41 हजार 785 मरीजों की पहचान कर उनका नि:शुल्क उपचार किया गया है।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया की प्रदेश में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित उपचार की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है। मानसिक स्वास्थ्यगत परेशानियों से जूझ रहे लोगों की काउंसलिंग तथा उन्हें मनोचिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी जिलों के चिकित्सा अधिकारियों, ग्रामीण चिकित्सा सहायकों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को बेंगलुरु स्थित निम्हांस के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया है। राज्य स्तरीय नवाचार 'चौम्प प्रोजेक्ट' के माध्यम से प्रदेश भर में 41 हजार 785 मरीजों की पहचान कर नि:शुल्क उपचार प्रदान किया गया है। प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों और ग्रामीण चिकित्सा सहायकों की सहायता से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से प्रभावित हज़ारों लोगों की काउंसलिंग की गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि कोरोना काल में राज्य में कोविड केयर सेंटर के अंतर्गत 28 हजार से अधिक व कोविड होम आइसोलेटेड 69 हजार से अधिक मरीजों की काउंसलिंग की गई। बिलासपुर जिले के सेंदरी स्थित 200 बिस्तरों वाले राज्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय में मनोरोगियों के संपूर्ण इलाज की व्यवस्था है। मानसिक स्वास्थ्य एवं इससे जुड़ी बीमारियों के बारे में जानकारी स्वास्थ्य विभाग के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 104 से प्राप्त की जा सकती है।

### जिला रोजगार केन्द्र रायपुर में 30 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प आयोजित

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर में 30 मार्च प्लेसमेंट कैम्प आयोजित की गई है। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर स्थित जिला रोजगार केंद्र रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है।

जिला रोजगार विभाग रायपुर उप संचालक ने बताया कि निजी क्षेत्र के नियोजकों ए2जेड इंफ्रासर्विस लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्समेन (वाईन शॉप हेतु) के 100 पदों पर 12वीं उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती 12 हजार 675 रूपये प्रतिमाह की दर से एवं उमादेवी बहूउद्येशीय शिक्षा एवं विकास संस्थान, रायपुर द्वारा सुपरवाईजर, डीटीपी ट्रेनर, कम्प्यूटर ट्रेनर, सर्वेयर आदि के 10 पदों पर बीएससी/एमएससी एग्रीकल्चर, बीसीए स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती 8 हजार से 12 हजार प्रतिमाह की दर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर, साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। आवेदक सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते है।

### कोविड नियंत्रण हेतु मास्क और सोशल फिजीकल दूरी बनाए रखना जरूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों को प्रभावशीलता 31 मार्च को समाप्त होने और इसके बाद कोविड नियंत्रण के उपायों के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों की जानकारी राज्य शासन के समस्त विभागों के सचिवों, संभागायुक्तों, कलेक्टर और विभागाध्यक्षों को पत्र के माध्यम से प्रेषित की है। कोविड नियंत्रण हेतु फेस मास्क का उपयोग, सोशल और फिजीकल दूरी बनाए रखना और हाथों की सफाई साबुन या सेनेटाइजर से करते रहने जैसे उपाय जरूरी है।

# प्रदेश में सहकारिता को मजबूत बनाने किए जा रहे हैं हर संभव प्रयासः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सहकारिता फले-फूले, सहकारिता के क्षेत्र में बैंकिंग की गतिविधि बढ़ें, इसके लिए सहकारी बैंक की शाखाएं तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाई गई है, वहीं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, कृषि ऋण के वितरण के साथ गोधन न्याय योजना को भी सहकारिता के क्षेत्र से जोड़ा गया है। अब राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना को भी सहकारिता के क्षेत्र से जोड़ा जा रहा है। लघु वनोपजों की खरीदी, कोदो-कुटकी और रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी से सहकारिता के क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। मुख्यमंत्री बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जशपुर जिले के कुनकुरी और रायगढ़ जिले के लैलूंगा में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए।




इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर मुख्यमंत्री निवास में उपस्थित थे। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल,संसदीय सचिव एवं विधायक कुनकुरी यूडी मिंज, विधायक पत्थलगांव रामपुकार सिंह, विधायक जशपुर विनय कुमार भगत, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक रायगढ़ प्रकाश शक्राजीत नायक कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त का भुगतान 31 मार्च को किया जाएगा। इसके साथ ही साथ वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन गोधन न्याय योजना और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को भी राशि का भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैलूंगा और कुनकुरी में अपेक्स बैंक की नई शाखा प्रारंभ होने से इस क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और आदिवासी भाई-बहनों के समय और धन की बचत होगी।

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कार्यक्रम में कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर लैलूंगा और कुनकुरी में नई शाखाएं आज प्रारंभ की गई। लैलूंगा क्षेत्र के किसानों को इस वर्ष लगभग 80 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। इस क्षेत्र के किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए पहले पत्थलगांव जाना पड़ता था, लेकिन अब लैलूंगा शाखा से ही भुगतान प्राप्त होगा। कुनकुरी की शाखा से इस क्षेत्र के किसानों को भी बैंकिंग सुविधा आसानी से मिल सकेगी। नई शाखाओं में किसानों को मोबाइल बैंकिंग, रूपे केसीसी, एटीएम और फंड ट्रांसफर की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की सहूलियत के लिए प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां एक हजार 337 से बढ़ाकर 2058 कर दी गई हैं। इससे किसानों को भुगतान में आसानी हुई।

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसान हितैषी नीतियों के क्रियान्वयन और सहकारिता को बढ़ावा देने की नीति के कारण अपेक्स बैंक के कारोबार में 800 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है और इस वर्ष बैंक ने 28 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने बताया कि सहकारी बैंकों से 13.46 लाख किसानों का 5261 करोड़ रूपए का ऋण माफ किया गया। इस वर्ष 13.20 लाख किसानों को 5425 करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अतिरिक्त 6 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संचालित हैं, जिनसे 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां सम्बद्ध हैं। इन सहकारी समितियों के 27.42 लाख किसान सदस्य हैं, जिनमें से 16.67 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। सहकारी बैंकों की प्रदेश में 305 शाखाएं संचालित हैं। पिछले तीन वर्षो में सहकारी बैंकों की 33 शाखाएं बढ़ाई गई हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डी.रविन्द्र, प्रबंध संचालक केएन कांडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों से वर्मी कंपोस्ट का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का आव्हान

मुख्यमंत्री ने किसानों से वर्मी कंपोस्ट का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का आव्हान किया, उन्होंने कहा कि इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, भूमि की कठोरता में कमी आएगी और फसल की गुणवत्ता अच्छी होगी। सॉइल हेल्थ में सुधार के लिए भी वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करना होगा। इससे गौ माता की सेवा के साथ धरती माता की सेवा भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष रासायनिक खाद की कमी की समस्या पूरे देश में थी। छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से हमारे गौठानों में तैयार लगभग 8 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट किसानों को सहकारिता के माध्यम से वितरित की गई। इस वजह से छत्तीसगढ़ के किसानों को खाद की कमी नही होने पाई। रासायनिक खादों के उत्पादन के लिए कच्चे माल का विदेशों से आयात किया जाता है। रूस-यूक्रेन की लड़ाई के कारण इस वर्ष भी रासायनिक खाद की कमी हो सकती है। इसलिए हमें इस समस्या से निपटने के लिए पहले से तैयारी करनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान और पशुपालक अधिक से अधिक गोबर गौठानों में विक्रय करें, जिससे अधिक वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन हो सके और वर्मी कम्पोस्ट किसानों को उपलब्ध हो सके।

## छत्तीसगढ़ की राम-रामायणी परंपरा को आगे बढ़ाने मानस मंडली प्रतियोगिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। हमारी संस्कृति के हरेली, तीजा, पोरा त्यौहारों के शासकीय स्तर पर आयोजन की शुरूआत, रामवन गमन पर्यटन परिपथ के विकास की परियोजना, छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा, हरेली, हरितालिका तीज, छेरछेरा पुन्नी-शाकाम्भरी जयंती, कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस और छठपूजा पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा इन प्रयासों की बानगी है।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम, उनकी माता माँ कौशल्या के साथ कौशल प्रदेश छत्तीसगढ़ के अभिन्न संबंधों के अनेक जीवंत प्रमाण छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में रामनामी सम्प्रदाय, रामलीला और रामकोठी की परम्परा के रूप में विद्यमान है। ऐसी लोक मान्यता है कि भगवान राम की माता कौशल्या का जन्म और लालन-पालन छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में हुआ था। संभवत: इसलिए सदियों से छत्तीसगढ़ के लोग भगवान राम को भांजे के रूप में मानकर उनको देव तुल्य आदर और सम्मान देते आ रहे हैं। ये परम्परायें और मान्यताएँ हमारी बहुमूल्य अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर हैं जिन्हें संरक्षित करने का प्रयास राज्य शासन द्वारा किया जा रहा है। राम वनगमन पथ से जुड़े आस्था के केन्द्रों के विकास और उन्नयन सहित प्रदेश में व्याप्त राम-रामायणी परंपरा को बढ़ावा और संरक्षण देकर हमारी सरकार इस अनमोल धरोहर को भावी पीढ़ी को हस्तांतरित करने कृत-संकल्पित है।

संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की रामायण मंडलियों के कलाकारों के संरक्षण, संवर्धन और कलादलों को प्रोत्साहित करने के लिए 'रामायण मंडली प्रोत्साहन योजना 2021' प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक रामायण मंडलियों की प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ हो गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर 10 से 15 मार्च तक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी तरह ब्लॉक स्तर पर 15 से 31 मार्च तक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिला स्तर पर 03 से 05 अप्रैल तक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके बाद जांजगीर-चांपा जिले में स्थित तीर्थ नगरी शिवरीनारायण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अप्रैल तक किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 5 लाख रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रामायण मंडली को 3 लाख रूपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को 2 लाख रूपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 250 से 300 रामायण मंडली शामिल होंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रामायण मंडली को 5000 रूपए, ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रामायण मंडली को 10 हजार रूपए तथा जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रामायण मंडली को 50 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। संस्कृति विभाग द्वारा रामायण मंडली के लोक कलाकारों की लोक पारंपरिक शैली, लोक पारंपरिक वाद्ययंत्रों के संरक्षण, संवर्धन विकास हेतु रामायण मंडली प्रोत्साहन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ हाट परिसर में लोगों को लुभा रहा छत्तीसगढ़ का लोक संगीत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर के पंडरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट परिसर में छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित 10 दिवसीय राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में रोजाना संध्याकालीन छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार यहां संस्कृति विभाग के सौजन्य से अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ हाट परिसर में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत लोगों को लुभा रहा है। प्रदर्शनी में आने वाले लोग यहां आयोजित संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक गीत एवं नृत्य का आनंद उठा रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने 22 मार्च को राजेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया था। इस प्रदर्शनी का आयोजन छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम का प्रायोजक खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग है। दस दिवसीय आयोजन के दौरान प्रत्येक दिवस संध्या 7 बजे से संस्कृति विभाग के सहयोग से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज 24 मार्च की सांस्कृतिक संध्या के दौरान राज्य के सुप्रसिद्ध पंथी नृत्य कलाकार दिनेश जांगड़े और उनकी 35 सदस्यीय टीम द्वारा पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसे लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर देखा और उनकी सराहना की। सांस्कृतिक संध्याकालीन कार्यक्रम में कल शुक्रवार को प्रभन्जय चतुर्वेदी द्वारा गजल एवं सुगम गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स • टी-शर्ट • शर्ट • ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
▪ मेन्स वेयर ▪ किड्स वेयर ▪ लेडिस वेयर ▪ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |


मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिजाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

# बढ़ते तापमान के साथ इन चीजों का करें सेवन, पेट की समस्याएं होंगी दूर

गर्मियों का मौसम आते ही कई तरह की शारीरिक समस्याएं बढ़ने लगती हैं। गर्मियों में तापमान बढ़ने पर शरीर में पानी की मात्रा कम होने लगती है। थोड़ी सी लापरवाही के कारण डिहाइड्रेशन, उल्टी, दस्त, चक्कर आना और कमजोरी आदि होने लगती हैं। वहीं गर्मियों में मसालेदार या तला भुना खाने से शरीर का पाचन तंत्र भी बिगड़ने लगता है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है, जिससे बैक्टीरिया या वायरस का खतरा बढ़ जाता है। इन कारणों से भी गर्मी में लोगों को पेट दर्द, गैस, पेट में संक्रमण, एसिडिटी, लूज मोशन और उल्टी जैसी पाचन से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। अधिकतर लोगों को गर्मी में एसिडिटी और गैस की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ गर्मी के दिनों में भरपूर पानी के सेवन की सलाह देते हैं, ताकि पानी शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकाल सके। डिहाइड्रेशन की समस्या भी न हो। हालांकि पानी के अलावा भी गर्मी में कुछ चीजों का सेवन लाभकारी है। कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिनका सेवन करने से शरीर में पानी की कमी दूर होती है, साथ ही शरीर को ठंडक मिलती है। अगली स्लाइड्स में जानिए गर्मियों में किन चीजों के सेवन से पेट की समस्या से बचाव होता है।



**खीरा-पपीता:**- ताजे फलों का सेवन हर मौसम में शरीर के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि गर्मियों में तापमान बढ़ने पर खीरा और पपीता खाने से शरीर को ठंडक मिलती है और पानी की कमी पूरी होती है। पपीता और खीरा में भरपूर फाइबर पाया जाता है। इनके सेवन से पेट को ठंडक मिलती है। ये पित्त को बैलेंस करके शरीर का पीएच भी स्वस्थ रखते हैं। अगर गर्मियों में आप गैस या एसिडिटी की समस्या होती है तो भी खीरे और पपीते का सेवन लाभदायक होता है।

**नारियल पानी:**- शरीर के लिए नारियल पानी बहुत फायदेमंद है। नारियल पानी में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिशन पाया जाता है, जो शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। इसके सेवन से पारा अधिक बढ़ने पर शरीर को अंदरूनी ठंडक भी मिलती है। नारियल पानी में बॉडी को डिटॉक्सिफाई करने के भी गुण होते हैं। इसमें फाइबर का गुण भी होता है, जो पाचन को दुरुस्त रखता है।

**खरबूजा:**- खरबूजा गर्मियों का मौसमी फल है। खरबूजे का सेवन पेट के लिए फायदेमंद होता है। खरबूजे में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर एसिड रिफ्लक्स के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में कई तरह के आवश्यक तत्वों की पूर्ति होती है। वहीं गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी को भी खरबूजा दूर करता है। गैस और एसिडिटी की समस्याओं से भी निजात मिलता है।

**केला:**- गर्मी बढ़ने पर रोजाना एक पका हुआ केला जरूर खाना चाहिए। केले का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। केले में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और फाइबर के गुण होते हैं। फाइबर पाचन संबंधी समस्या को दूर करता है, तो वहीं पोटेशियम एसिडिटी को नियंत्रित करता है।

**दही या ठंडा दूध:**- गर्मियों में रोजाना दही का सेवन करना शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है। दही में भरपूर फाइबर होता है, जो पेट की सेहत और डाइजेशन को बेहतर बनाता है। एसिडिटी और बदहजमी की समस्या भी दही के सेवन से दूर हो जाती है। वहीं ठंडा दूध पीने से पेट को ठंडक मिलती है। इससे जलन, एसिडिटी की परेशानी नहीं होती। ठंड दूध का मतलब सादा दूध पीए, न की फ्रिज में रखा दूध पीएं।

### रिलीज से पहले आरआरआर ने रचा इतिहास

# 60 करोड़ से ज्यादा की एडवांस बुकिंग, रिलीज से पहले ही 800 करोड़ कमाने वाली पहली इंडियन फिल्म

साउथ के सुपरस्टार राम चरण तेजा, जूनियर एनटीआर, अजय देवगन और आलिया भट्ट की मोस्ट अवेटेड आरआरआर आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। मेकर्स और स्टार्स इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। 550 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनी आरआरआर को देखने के लिए फैंस के क्रेज का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक इस फिल्म की 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हो चुकी है।



ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि फिल्म को 100 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग मिल सकती है। प्री-रिलीज कमाई में भी आरआरआर ने कई रिकॉर्ड्स तोड़े हैं। डिस्ट्रीब्यूशन, सैटेलाइट, म्यूजिक जैसे राइट्स बेचकर फिल्म ने रिलीज से पहले ही करीब 800 करोड़ की कमाई कर ली है।

## भविष्यवाणी- 1000 करोड़ से ज्यादा हो सकता है लाइफ टाइम बिजनेस

ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि आरआरआर बॉक्स ऑफिस से 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस करेगी। वहीं प्री-रिलीज राइट्स से फिल्म पहले ही 800 करोड़ रुपए का बिजनेस कर चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म का प्री-रिलीज थिएट्रिकल बिजनेस सभी भाषाओं से 470 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। इसके साथ ही फिल्म प्री-रिलीज थिएट्रिकल बिजनेस करने के मामले में सबसे ज्यादा कमाने वाली इंडियन मूवी बन गई है।

## आरआरआर ने बाहुबली का रिकॉर्ड तोड़ा

फिल्म ने बाहुबली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है, क्योंकि 'बाहुबली' ने 350 करोड़ रुपए का प्री-रिलीज थिएट्रिकल बिजनेस किया था। बताया जा रहा है कि आरआरआर ने 275 से 300 करोड़ रुपए का नॉन थिएट्रिकल बिजनेस (डिजिटल, सैटेलाइट, म्यूजिक और अन्य राइट्स से कमाई) किया है। इस हिसाब से फिल्म ने रिलीज के पहले 750 से 800 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है।

वैसे बाहुबली जैसी रिकॉर्डतोड़ फिल्में बनाने वाले राजामौली क्या एक बार फिर इतिहास रच पाएंगे? यह सवाल सभी फैंस के मन में घूम रहा है। अब 2 दिन बाद साफ हो जाएगा कि ये फिल्म कमाल करेगी या फिर अनुमानों के विपरीत नतीजे सामने आएंगे।


## दुनियाभर में आरआरआर की एडवांस बुकिंग

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यूएसए प्रीमियर में आरआरआर ने 16 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर भी ली है। एक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो आरआरआर की एडवांस बुकिंग ने अभी तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में आरआरआर की एडवांस बुकिंग ने पहले ही जोर पकड़ लिया है। देश के अलावा दुनिया के दूसरे हिस्से में भी एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है।

खबरों की मानें तो हिंदी वर्जन ने ही पौने दो करोड़ रुपए की कमाई एडवांस बुकिंग से कर ली है। दक्षिण भाषाओं में आरआरआर की टिकटें तेजी से बिक रही हैं। बाहुबली-2 ने पहले दिन सभी भाषाओं में करीब 121 करोड़ का बिजनेस किया था। अब आरआरआर की एडवांस बुकिंग से अनुमान लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बाहुबली-2 का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार आरआरआर पहले दिन हिंदी वर्जन से 11-13 करोड़ और टोटल 15 से 20 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है।

# शरीर को रखना चाहते हैं फिट और वजन को कंट्रोल? रात में बिल्कुल न करें इन तीन चीजों का सेवन

कई तरह की बीमारियों से बचाव के लिए वजन को नियंत्रित रखना बहुत आवश्यक माना जाता है। अधिक वजन या मोटापे की समस्या हृदय रोग, डायबिटीज जैसी जानलेवा बीमारियों के जोखिम को कई गुना तक बढ़ा देती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक जीवनशैली और आहार संबंधित गड़बड़ी के कारण लोगों का वजन तेजी से बढ़ने लगता है। इस पर कंट्रोल करने के लिए भोजन में पौष्टिक चीजों को शामिल करने और अस्वास्थ्यकर-फास्ट फूड से दूरी बनी लेनी चाहिए। मोटापे के खतरे को कम करने के लिए विशेषकर रात के समय भोजन पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है, क्योंकि रात में मेटाबॉलिज्म रेट कम होता है।



आहार विशेषज्ञों के मुताबिक शरीर के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए डिनर में स्वस्थ चीजों को शामिल करना बहुत आवश्यक है। इसके अलावा रात के समय कुछ चीजों के सेवन से परहेज किया जाना चाहिए, ये आपके वजन को तेजी से बढ़ा सकती हैं। वजन को नियंत्रित रखकर आप स्वस्थ बने रह सकते हैं।

## प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें

स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करने की सलाह दी जाती है। विशेषकर रात के समय में इनका सेवन आपके वजन को तेजी से बढ़ा सकता है। अध्ययनों में प्रोसेस्ड मीट जैसी चीजों के सेवन को कई तरह की बीमारियों के कारक के तौर पर माना जाता है। यह उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और मोटापा जैसी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकती है। प्रोसेस्ड मीट में उच्च मात्रा में ट्रांस फैट और सोडियम की मात्रा है और यह कैलोरी से भरपूर होता है, जिससे वजन बढ़ाने का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

## आइसक्रीम बढ़ा सकती है आपका वजन


रात के खाने के बाद लोगों को अक्सर कुछ मीठा खाने की तलब होती है, इसके लिए अक्सर आइसक्रीम जैसी चीजों के सेवन को काफी ट्रेंडी माना जाता है, पर स्वास्थ्य के लिहाज से यह आदत आपके लिए मुश्किलें बढ़ा सकती है। आइसक्रीम जैसे डेसर्ट आपके वजन को तेजी से बढ़ावा दे सकते हैं। आइसक्रीम में वसा और कृत्रिम शर्करा की मात्रा अधिक होती है, ऐसे में रात के समय इसका सेवन आपके वजन को नियंत्रित करने के लक्ष्य को बिगाड़ सकता है। यदि आप आइसक्रीम खाना ही चाहते हैं तो ऐसी आइसक्रीम चुनें जिसमें प्रति सर्विंग में 15 ग्राम से कम चीनी हो।

## सोडा या पैक्ड फ्रूट जूस

फ्रूट जूस कई तरह से सेहत के लिए फायदेमंद माने जाते हैं, पर पैक्ड फ्रूट जूस का सेवन करने की जगह ताजे फलों का रस अधिक फायदेमंद होता है। रात के समय पैक्ड फ्रूट जूस या सोडा वाली चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। इन पेय पदार्थों में एडेड शुगर की मात्रा अधिक होती है, ऐसे में ये आपमें मोटापे के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। खासकर बच्चों को इन चीजों से दूर रखना चाहिए। अच्छी सेहत के लिए ताजे फलों के जूस का सेवन किया जाना चाहिए।

# टाइगर श्रॉफ की 'हीरोपंती-2' के म्यूजिक इवेंट में लाइव परफॉर्म करेंगे ए आर रहमान

टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया की 'हीरोपंती 2' ईद के अवसर पर 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले फिल्म के मेकर्स एक बड़ा म्यूजिक इवेंट आयोजित करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के इस इवेंट में ए आर रहमान लाइव परफॉर्मेंस देंगे। ऑस्कर विजेता संगीतकार आने वाले वीकेंड में मुंबई के पॉपुलर मल्टीप्लेक्स में से एक में एक्शन फ्लिक 'दफाकर' के पहले गाने पर लाइव परफॉर्म करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि म्यूजिक इवेंट में रहमान फिल्म की धुन पर परफॉर्मेंस देंगे। अहमद खान के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में टाइगर-तारा के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी लीड रोल में हैं। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। रजत अरोड़ा ने फिल्म की कहानी लिखी है और ए आर रहमान ने म्यूजिक दिया है।



# प्रेगनेंसी में खिलखिलाती है मां तो पैदा होता है जीनियस बेबी

कहा जाता है कि प्रेगनेंसी के समय एक महिला जो कुछ भी करती है, उसका असर उसके होने वाले बच्चे में भी दिखाई देता है. यदि महिला हेल्दी और खुश होगी तो बच्चे की ग्रोथ भी बेहतर होगी. हालांकि प्रेगनेंसी के दौरान शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होने के कारण महिला को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं. गुस्सा, इरिटेशन और स्ट्रेस भी हार्मोनल बदलाव का ही नतीजा है. ऐसे में महिला को हंसने की राय देना बेईमानी सा लगता है. लेकिन एक मां के दृष्टिकोण से देखें तो महिला अपने बच्चे के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती है. ऐसे में यदि महिला प्रेगनेंसी के दौरान खुद को खुश रखे और प्रेगनेंसी के समय को अच्छे से एंजॉय करे तो इससे न सिर्फ महिला की सेहत बेहतर होती है, बल्कि बच्चे की मानसिक ग्रोथ पर भी सकारात्मक असर पड़ता है. यहां जानिए प्रेगनेंसी के दौरान खुश रहने के फायदे और तरीके. खुश रहने से सबसे पहला फायदा तो महिला को मिलता है. इससे उसका स्ट्रेस कम हो जाता है और वो तमाम तरह के कॉम्प्लीकेशंस से बच जाती है. इसके अलावा हंसने से शरीर में हैप्पी हार्मोन्स रिलीज होते हैं जो कमर दर्द, सिर दर्द, पैरों में दर्द, शरीर में सूजन और थकान जैसी तमाम परेशानियों को कम करते हैं.

मां के हंसने का बच्चे पर भी सकारात्मक असर पड़ता है. कहा जाता है कि इससे बच्चा काफी एक्टिव होता है. मां के खुश रहने का सकारात्मक असर बच्चे के मस्तिष्क की कोशिकाओं पर भी होता है. इससे उसका मानसिक विकास काफी अच्छा होता है और बच्चा काफी तेज दिमाग वाला और खुशमिजाज स्वभाव वाला होता है.

### खुश रहने के लिए क्या किया जाए

- विशेषज्ञ द्वारा निर्देशित योगाभ्यास करें. इसके लिए किसी योग विशेषज्ञ की मदद लें. आप चाहें तो प्रेगनेंसी के दौरान कराए जाने वाले योग क्लासेज भी जॉइन कर सकती हैं. इससे आपका स्ट्रेस कम होता है और मूड फ्रेश बनता है.
- आपको जो काम करना पसंद है, प्रेगनेंसी के दौरान वो काम जरूर करें. जैसे पेंटिंग, सिंगिंग, स्केचिंग, राइटिंग आदि. इससे आपकी क्रिएटिवटी का असर बच्चे पर भी पड़ेगा और उसका माइंड शार्प होगा.
- स्ट्रेस देने वाली बातों, दूसरों के प्रपंच से खुद को दूर रखें. किसी की बुराई न करें और न ही सुनें. इससे आपका ही दिमाग परेशान रहेगा. इसकी बजाय अच्छी और प्रेरणादायक किताबें पढ़ें.
- मेडिटेशन जरूर करें. इसके लिए सुबह या शाम, जब भी समय मिले तब इसका अभ्यास कर सकती हैं. इसके अलावा ? का उच्चारण करें. के उच्चारण से आपके अंदर सकारात्मकता का संचार होता है और स्ट्रेस कम हो जाता है. इससे आपका मूड अच्छा होता है.

# 'द कश्मीर फाइल्स' 13 दिन में 200 करोड़ क्लब में शामिल



अनुपम खेर स्टारर 'द कश्मीर फाइल्स' बॉक्स ऑफिस पर लगातार रिकॉर्ड्स तोड़ रही है। विवेक रंजन अग्निहोत्री के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म कश्मीरी पंडितों के दर्द को बयां करती है। 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने दूसरे हफ्ते के 6वें दिन करीब 10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। वहीं फिल्म ने 13 दिन में 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। लाइफ टाइम बिजनेस के मामले में फिल्म ने अक्षय कुमार की सूर्यवंशी को भी पीछे छोड़ दिया है। तरण आदर्श ने पोस्ट शेयर कर बताया है कि 'द कश्मीर फाइल्स' कोरोना काल में हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म बन गई है।



















## खास खबर

### महिला समूहों ने पलाश के पेड़ों में लाख उत्पादन के लिए बनाई कार्ययोजना

**कोरबा।** कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने अनुविभाग कटघोरा प्रवास के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र कटघोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित किए जा रहे गतिविधियों जैसे धान, गेहूं, सब्जी उत्पादन और पशुपालन की जानकारी मौजूद अधिकारियों से ली। कलेक्टर श्रीमती साहू ने कटघोरा और पोड़ीउपरोड़ा के क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पलाश पेड़ मौजुद होने के फ्लस्वरूप पलाश पेड़ का उपयोग लाख उत्पादन के लिए करने के कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों से लाख उत्पादन की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही स्वसहायता समूह की महिलाओं का चिन्हांकन कर पलाश पेड़ में लाख उत्पादन करवाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने लाख उत्पादन के लिए पलाश वृक्ष एवं महिला समूहों के चिन्हांकन भी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पलाश पेड़ की अधिकता वाले क्षेत्रों में क्लस्टरवार सर्वे कर हितग्राही चिन्हाकन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को उन्नत किस्म की नये फसलों पर अनुसंधान कर किसानों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, एसडीएम कटघोरा कौशल प्रसाद तेन्दुलकर, कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों सहित जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ व्ही.के.राठौर और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### बालको को मिला द सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) को 'कृषि और ग्रामीण विकास' के क्षेत्र में फ्लैगशिप सामुदायिक विकास परियोजना 'मोर माटी मोर जल' के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए 'द सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड' से नवाजा गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी द्वारा मुंबई में आयोजित समारोह में बालको को पुरस्कार दिया गया। सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड्स-2021 के चौथे संस्करण में देश भर के अनेक औद्योगिक संगठनों ने हिस्सा लिया। सामुदायिक विकास के क्षेत्र में प्रतिवर्ष यह पुरस्कार द सीएसआर जर्नल की ओर से दिया जाता है। परियोजना का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि के क्षेत्र में मजबूत बनाना और उनके लिए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इससे लगभग 850 एकड़ भूमि में सिंचाई सुविधाओं और फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है। परियोजना से लगभग 1000 किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

# लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः राम नाथ कोविन्द

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नई दिल्ली (पीआईबी)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कहा है कि लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे आज (24 मार्च, 2022) गांधीनगर में गुजरात विधान सभा के सदस्यों को सम्बोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि विधान सभा के सदस्य अपने क्षेत्रों के और राज्य के प्रतिनिधि होते हैं; लेकिन इस बात का महत्व अधिक है कि लोग उन्हें अपना भाग्य विधाता मानते हैं। लोगों की आशायें और आकांक्षायें उनसे जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की इन आकांक्षाओं को पूरा करना सभी जन प्रतिनिधियों के लिये सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि वे उस समय गुजरात विधान सभा सदस्यों को सम्बोधित कर रहे हैं, जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी और उसका अमृत महोत्सव मनाने के लिये गुजरात से बेहतर स्थान और क्या हो सकता है। गुजरात क्षेत्र के लोग स्वतंत्र भारत की अलख जगाने में अग्रणी रहे हैं। उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में, दादाभाई नौरोजी और फिरोज शाह मेहता जैसी हस्तियों ने भारतीयों के अधिकारों के लिये आवाज उठाई थी। उस संघर्ष को गुजरात के लोग लगातार मजबूत करते रहे, जो फलस्वरूप महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत की स्वतंत्रता की पराकाष्ठा को पहुंचा।

राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी ने न केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि उन्होंने पूरी दुनिया को नई राह भी दिखाई, नये विचार और नया दर्शन दिया। आज विश्व में जहां भी किसी प्रकार की हिंसा होती है, तो बापू के मंत्र 'अहिंसा' का महत्व समझ में आने लगता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात का इतिहास अनोखा है। यह महात्मा गांधी और सरदार पटेल की भूमि है तथा इसे सत्याग्रह की भूमि कहा जा सकता है। सत्याग्रह का मंत्र पूरी दुनिया में उपनिवेश के विरुद्ध अचूक अस्त्र के रूप में स्थापित हो गया है। बारडोली सत्याग्रह, नमक आंदोलन और दांडी मार्च ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को न केवल नया आकार दिया, बल्कि प्रतिरोध की अभिव्यक्ति तथा जन आंदोलन की पद्धति को नये आयाम भी दिये।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत को एकता के सूत्र में बांधा और प्रशासन की आधारशिला रखी। नर्मदा के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है तथा उनकी स्मृति के प्रति यह कृतज्ञ राष्ट्र का अकिंचन उपहार है। भारतवासियों के मन में उनका कद तो इससे भी बड़ा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति से इतर, गुजरात ने सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आध्यात्मिक रूप से देखा जाये तो नरसिंह मेहता की इस भूमि का बहुत प्रभाव है। उनका भजन वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीर पराई जाने रे तो हमारे स्वतंत्रता संघर्ष का गान बन गया था। इस भजन ने भारतीय संस्कृति के मानवीय पक्ष का भी प्रसार किया। राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात के लोगों की उदारता, भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। सभी वर्गों और समुदायों के लोग प्राचीन काल से ही यहां भाईचारे की भावना के साथ रह रहे हैं।

राष्ट्रपति ने इस बात का भी उल्लेख किया कि गुजरात ने आधुनिक काल में विज्ञान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान किया है। जहां डॉ. होमी जहांगीर भाभा को भारतीय परमाणु कार्यक्रम का पितामह कहा जाता है, वहीं भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के संस्थापक डॉ. विक्रम साराभाई को भारतीय विज्ञान, विशेषकर भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान का युगद्रष्टा माना जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि 1960 में जब गुजरात अस्तित्व में आया था, तब से वह अपने उद्यम और नई सोच के आधार पर विकासपथ पर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति गुजरात की भूमि पर ही शुरू हुई थी और उसने पोषण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव कर दिया है। आज भारत दूध के कुल उत्पादन और खपत में विश्व में पहले स्थान पर है। गुजरात की दूध सहकारितायें इस सफलता की जनक हैं।

# केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने प्रदेश के 6 मनरेगा श्रमिकों को किया सम्मानित

## प्रोजेक्ट 'उन्नति' के माध्यम से कौशल उन्नयन कर ये श्रमिक अब कर रहे हैं स्वरोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रोजेक्ट 'उन्नति' के जरिए कौशल विकास का प्रशिक्षण हासिल कर अपनी जिंदगी बदलने वाले प्रदेश के छह मनरेगा श्रमिकों को आज नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर इन्हें सम्मानित किया।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार हासिल करने वाले परिवारों के ये श्रमिक कौशल उन्नयन के बाद अब खुद का व्यवसाय कर रहे हैं। कार्यक्रम में बालोद कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ के.आर. साहू और धमतरी में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (क्र-स्श्वझ्रद्ग) की प्रभारी सुश्री अनिता तुडू को भी प्रोजेक्ट 'उन्नति' में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सम्मानित सभी श्रमिकों और कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने प्रशिक्षण हासिल कर मनरेगा श्रमिक से स्वरोजगार तक का सफर तय करने वाले इन श्रमिकों को उनके व्यवसाय में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने प्रदेश में मनरेगा और प्रोजेक्ट 'उन्नति' के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मनरेगा तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की पूरी टीम को भी बधाई प्रेषित की है। श्री सिंहदेव ने उम्मीद जताई कि प्रोजेक्ट 'उन्नति' में मनरेगा और 'बिहान' के परस्पर तालमेल से प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा मनरेगा श्रमिक अपने कौशल का विकास कर स्थायी रोजगार की ओर कदम बढ़ाएंगे।

नई दिल्ली में आज सम्मानित होने वाले मनरेगा श्रमिकों में मशरूम उत्पादन का स्वरोजगार करने वाली धमतरी जिले के धमतरी विकासखण्ड की भनपुरी ग्राम पंचायत की श्रीमती नीतू बाई साहू तथा मोमबत्ती बनाने का काम शुरू करने वाली सारंगपुरी पंचायत की श्रीमती फूलवंती कंवर, सिलाई का काम कर रही गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड की लोहरसी की सुश्री गीतांजली ध्रुव और पतोरा पंचायत की सुश्री ओमेश्वरी कंवर, बकरी पालन का व्यवसाय शुरू करने वाले कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के पोड़ी ग्राम पंचायत के श्री कृष्ण कुमार एवं मोबाइल रिपेयरिंग का काम कर रहे महासमुंद जिले के बसना विकासखण्ड के दुर्गापाली के श्री बिमल साव शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2018-19 में मनरेगा के अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों के इन सदस्यों को प्रोजेक्ट 'उन्नति' के माध्यम से कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया गया है। इन सभी को अपने-अपने जिले में स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (क्र-स्श्वञ्जद्ग) में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभर से प्रोजेक्ट 'उन्नति' के 75 हितग्राहियों को आज सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट 'उन्नति' के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अधिकारियों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

# महिलाएं जितनी मजबूत होंगी, परिवार और समाज भी उतना मजबूत होगाः राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंची। राज्यपाल सुश्री उइके ने आई.बी.सी.-24 मीडिया समूह द्वारा निजी होटल में आयोजित ''नारी रत्न सम्मान समारोह'' में शामिल होकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रदेश भर की महिलाओं को सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया।**




इस अवसर पर अटल बिहारी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए.डी.एन. वाजपेयी, संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग, पुलिस महानिरीक्षक श्री रतनलाल डांगी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रही हैं तथा महिलाओं का सम्मान निश्चय ही उनके मनोबल में वृद्धि करेगा। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराकर मिथकों को तोड़ा है। सुश्री उइके ने कहा कि प्रदेश की बहनें बहुत सशक्त है। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने अनेक विदुषी महिलाओं सहित अपने व्यक्तिगत संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि पल प्रति पल हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए लड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जीवन में मुसीबतों के क्षण में भी हमें अपना आत्मविश्वास चट्टानों की तरह मजबूत रखना चाहिए। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि हमारे देश की बेटियां आज राजनीति, प्रशासन, रक्षा, विज्ञान, आर्थिक, सामाजिक तथा शिक्षा जगत में सफ्लता के परचम लहरा रही हैं। महिलाओं के सामने चुनौतियां आती हैं, लेकिन हमें इनसे घबराना नहीं चाहिए। दृढ़ निश्चय कर लें तो कोई समस्या आड़े नहीं आती। जब हौसला बुलंद हों तो सारे रास्ते आसान हो जाते हैं।

राज्यपाल ने जिन महिलाओं को सम्मानित किया उनमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर, छत्तीसगढ़ ग्राम एकता मंच की जिलाध्यक्ष दिव्यांग कुमारी विजया रानी, समाज सेविका श्रीमती वंदना उइके, सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री मोनिका इजारदार, निदान संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सुषमा सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्ज्वला करारे एवं बचपन प्ले स्कूल की डायरेक्टर डॉ. किरण सिंह शामिल है।

नारी रत्न सम्मान समारोह के अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके को स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आई.बी.सी.-24 के सी.ई.ओ. श्री विवेक पारख सहित संस्थान के मीडियाकर्मी व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# सेंट थॉमस महाविद्यालय के छात्रों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के रसायन स्नातकोत्तर विभाग के विद्यार्थियों ने दुर्ग जिले के ग्राम पुलगांव में स्थित वृद्धाश्रम जाकर वहां रह रहे वृद्धजनों से सौजन्य भेंट की। रसायन स्नातकोत्तर विभाग के 30 छात्र एवं 5 विभागीय कर्मचारियों ने आश्रम में समय बिताया एवं छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं रोचक खेलों द्वारा आश्रमवासियों का मन मोह लिया।

छात्रों ने वृद्धजनों को दैनिक साफ सफाई के उद्देश्य से विभिन्न सामानों का वितरण किया। आश्रम के लोगों ने भी गानों एवं शायरी के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम रसायन स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जेम्स मैथ्यू, अतिरिक्त विभागाध्यक्ष डॉ चंदा वर्मा,सहायक प्राध्यापक डॉ अरविन्द कुमार साहू, सुश्री मोहिनी शर्मा एवं तकनीकी सहायक अनिल वर्गीस के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकिरण दिल्लीवार, दीक्षा साहू एवं साक्षी यादव आदि छात्रों ने किया।

# समाज के विकास के लिए एकता और संगठन जरूरीः मंत्री गुरु रूद्रकुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग और मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री गुरु रूद्रकुमार 23 मार्च को पथरिया विकासखंड के ग्राम चंदली में आयोजित तीन दिवसीय सतनाम सत्संग ग्रंथ एवं विशाल मेला के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।**




उन्होंने वहां परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के मंदिर का उद्घाटन एवं गुरु गद्दी की स्थापना किया और विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने समाज के लोगों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए दस लाख रुपए की घोषणा भी की।

मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए एकता और संगठन जरूरी है। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के बताए हुए सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज के विकास के लिए आव्हान किया। उन्होंने परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए जीवन में अपने वाणी, आत्मा और शरीर को श्वेत पालों के समान साफ, सुंदर और स्वच्छ रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि विगत दिनों गिरौदपुरी में आयोजित मेले में सभी समाज के लोग शामिल हुए। इसमें समाज के सभी लोगों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहा। ये समाज की एकता और शक्ति को दिखाता है। इसी तरह समाज को ऊंचे मुकाम तक ले जाने के लिए सामाजिक एकता और सामाजिक ताकत बरकरार रखने की बात कही। उन्होंने गुरु अगमदास, मिनीमाता और राजराजेश्वरी करुणा माता को समाज के विकास में उनके योगदान को याद किया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर मंत्री गुरू रूद्रकुमार का समाज प्रमुख एवं महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, पथरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष ग्वालदास अनंत, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, सियाराम कौशिक, चुरावन मंगेशकर, ग्राम पंचायत चंदली के सरपंच, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागेश्वरी वर्मा सहित बड़ी संख्या में सत समाज के लोग और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

YOGESH COMPUTER
Sale & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Azad Chowk, Muktidham Raod, Ramnagar, Supela, Bhilai
e-mail: sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

पलंग, सोफा सेट, अलमिरा, ड्रेसिंग टेबल, डायनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, रिवालविंग चेयर, इत्यादि
हीरा फर्निचर
शॉप - ए-48/2, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला चौक, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
7489961928
7587427070

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### रायपुर में युवक की हत्या करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में विवाद के बाद युवक की हत्या करने वाले पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात करीब 9 बजे खमतराई थानांतर्गत गुड़ीपारा निवासी संजू वर्मा पिता अशोक वर्मा अपने दोस्त तनेश सिंह पुत्र कल्लू सिंह के घर उरकुरा जाने के लिए निकला था। तनेश के घर पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। तनेश और कल्लू सिंह ने डंडे से वार कर दिया, जिससे संजू गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे डीकेएस हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही थी।


### डॉ. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के निर्माण का रास्ता साफ, याचिका खारिज

**बिलासपुर ( ए )।** प्रदेश भर में डॉ. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। रायपुर में मांगलिक भवन के निर्माण को चुनौती देने वाली याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कियह कार्य जनहित में है। जनहित के कार्यों पर किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाडा. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के निर्माण की प्रक्रिया नगरीय निकाय प्रशासन के द्वारा प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में चल रही है। इसी दौरान प्रियदर्शिनी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित के द्वारा हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत कर बताया गया कि रायपुर में इस कार्य के लिए नगर पालिक निगम एजेंसी है। जिस भूमि पर निर्माण किया जा रहा है, वह उद्यान के लिए आरक्षित है। निर्माण के लिए स्वीकृति भी नहीं ली गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तुरंत बाद मांगलिक भवन का निर्माण शुरू कर दिया गया। पूर्व में मामले में हुए हाई कोर्ट ने डॉ. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के निर्माण पर स्थगन देने हुए नोटिस जारी किया था। प्रकरण की अंतिम सुनवाई जस्टिस आरसीएस सामंत की बेंच में हुई। इसमें नगर पालिक निगम के अधिवक्ता संदीप दुबे ने बताया गया कि डॉ. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन का निर्माण पूरे प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में जनहित के लिए हो रहा है।

### तीसरी पत्नी के साथ मिलकर दूसरी की हत्या

# युवक ने 13 साल में की तीन शादी, पहली से तलाक, दूसरी का मर्डर, अब तीसरी के साथ जेल

**कांकेर (ए)।** छत्तीसगढ़ में एक युवक ने अपनी तीसरी पत्नी के साथ मिलकर दूसरे पत्नी की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पति-पत्नी ने लाश को कांकेर जिले के जंगल में फेंका और फिर सबूत मिटाने के लिए डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की। पुलिस ने महिला की अधजली लाश बरामद की थी। हत्या के आरोपी पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने पिछले 13 सालों में तीन शादियां की हैं। पहली पत्नी से तलाक लेने के बाद इसने दूसरी शादी की थी। अब साल 2021 में तीसरी शादी कर दूसरे नंबर की पत्नी की हत्या कर दी।



जानकारी के मुताबिक, 19 मार्च को कांकेर जिले के कोकड़ी मार्ग पर महिला की अधजली लाश मिली थी। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से महिला का पता लगाने का प्रयास किया था। 20 मार्च को भिलाई के चरोदा से महिला के परिजन कांकेर आए, जिन्होंने शव की पहचान अपनी बेटी पूर्णिमा ग्वाला (38) के रूप में की। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि पूर्णिमा का पति के साथ विवाद चल रहा था। इसी कारण मायके आ गई थी। जिस दिन लाश मिली उसके एक दिन पहले 18 मार्च को ही पूर्णिमा का पति तुलसीदास मानिकपुरी उसे घर से लेकर गया था। परिजनों के इस बयान के आधार पर पुलिस ने तुलसीदास से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन उसका फोन बंद आया। जिसके बाद युवक की लगातार तलाश की गई।

इस मामले को लेकर कांकेर जिले की पुलिस ने भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग और रायपुर समेत आसपास के जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया। कांकेर समेत इन शहरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें पता चला कि तुलसीदास अपनी पत्नी पूर्णिमा को एक सफारी कार में बिठाकर गुरूर की तरफ गया था। युवक के संबंध में यह सुराग मिलने के बाद इन शहरों में भी उसकी तलाश लगातार की जा रही थी। वह दूसरे नंबरों से अपने करीबियों से बात कर रहा था। और बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। लगातार नजर रखने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक और उसकी तीसरी पत्नी इंद्राणी मानिकपुरी के साथ उसे रायपुर से गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताई हत्या की कहानी

गिरफ्तारी के बाद जब कांकेर पुलिस ने दोनों आरोपी पति-पत्नी से पूछताछ की तो युवक ने बताया कि इंद्राणी से वह प्यार करने लगा था। साल 2021 दिसंबर माह में दोनों ने शादी भी कर ली थी। पूर्णिमा को इसके बारे में पता चला तो दोनों के बीच काफी विवाद होने लगा। वह घर छोड़कर मायके चली गई थी। इसलिए रोज के विवाद को खत्म करने के लिए पूर्णिमा की हत्या करने का फैसला लिया। इंद्राणी से दूर हो गया हूं कहकर पूर्णिमा को उसके मायके से वापस लेकर आया। फिर गुरूर में अपने घर में ही इंद्राणी के साथ मिलकर गला घोंटकर मार दिया। जिसके बाद शव को ठिकाना लगाने के लिए सफारी वाहन में कांकेर जिले की तरफ आया। जंगल में लाश को फेंक कर डीजल से आग लगा दिया था। जिसके बाद दोनों वहां से भाग गए थे।

# लाखों रुपये का फार्चुन तेल लेकर फरार ट्रक चालक गिरफ्तार



**रायपुर ( ए )।** राजधानी में लाखों रुपये के फार्चुन तेल लेकर फरार ट्रक चालक को पुलिस ने गिफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। और उसे ट्रांसपोर्ट नगर से गिरफ्तार किया। ट्रक चालक कोमल सारथी को पकड़ा गया और उसके पास से पूरा सामान भी जब्त किया गया।

### ट्रांस्पोर्ट नगर में बेचने की तैयारी में था

पंडरी मोवा थाने में यशवंत वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। यशवंत सीटीए लाजिस्टिक लिमिटेड की शाखा टाटीबंध रायपुर में शाखा प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी का मुख्यालय कोलकता में हैं। कंपनी ब्रोकर और ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से ट्रक लगाकर माल को व्यापारियों के आर्डर पर पहुंचाती है। कंपनी रेलवे रेक से आए हुए सामान को भी व्यापारियों के आर्डर पर पहुंचाती ही।

### पंडरी थाने में अमानत में खयानत का मामला दर्ज

22 मार्च को रेल रेक पाइंट कांपा से 1192 टीन मतलब पीपा फतेल अडानी विलमार डिपो डूमरतराई रायपुर पहुंचाने के लिए ट्रक मालिक सत्यजीत दास से बात की। उससे 6700 रुपये किराया लेकर परिवहन करने बात तय हुई। ट्रक में 1192 टीन फार्चुन तेल रेक पांइट कांपा रायपुर से ट्रक में भर कर डूमरतराई रायपुर डिपो लेकर निकला। लेकिन समय पर वह नहीं पहुंचा। ट्रक ड्राइवर कोमल सारथी ने फोन भी बंद कर लिया। फार्चुन तेल की कीमती 28 लाख 21 हजार 464 रुपये है।

### जशपुर में नाबालिग लड़कियों की तस्करी

# दिल्ली में नौकरी लगाने लगाने का झांसा देकर 3 नाबालिग और एक युवती को ले जा रही महिला रायगढ़ से गिरफ्तार

**जशपुर ( ए )।** जशपुर पुलिस ने मानव तस्करी का बड़ा खुलासा किया है। दरअसल, एक महिला तीन नाबालिग व एक युवती को दिल्ली में अच्छे पैसे कमाने व काम दिलाने का लालच लेकर जा रही थी। ठीक समय पर पुलिस को खबर मिल गई और पुलिस ने रायगढ़ बस स्टैंड में दबिश देकर महिला को गिरफ्तार कर लिया। मामला तपकरा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस अफसरों ने बताया कि जशपुर जिले में मानव तस्करी की घटनाओं को लेकर सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें नाबालिगों के गायब होने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने कहा गया है। बीते 22 मार्च को तपकरा क्षेत्र के 50 वर्षीय ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को लालच देकर दिल्ली ले जाया जा रहा है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम सक्रिय हो गई और नाबालिग की तलाश में जुट गई।



नाबालिग लड़की के गायब होने की सूचना को एसपी विजय अग्रवाल ने गंभीरता से लिया। उन्होंने टीम बनाकर थाना प्रभारी को तलाश करने कहा। पुलिस मुखबिरों से जानकारी जुटा रही थी। तभी पता चला कि तपकरा की रहने वाली नीलम कुजूर नाम की महिला कुछ लड़कियों को लेकर निकली है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम उनका पीछा करते हुए रायगढ़ पहुंच गई। रायगढ़ बस स्टैंड में महिला उन्हें लेकर स्टेशन जाने वाली थी। इसके पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया और नाबालिग व युवती को लेकर थाने आ गई।

पुलिस की पूछताछ में नाबालिग लड़कियों ने बताया कि नीलम कुजूर पिछले चार-पांच दिनों से उन्हें दिल्ली में काम करने और ज्यादा पैसा कमाने का लालच दे रही थी। उनकी बातों में आकर सभी उनके साथ जाने के लिए तैयार हो गईं। सभी 22 मार्च की शाम को महिला के साथ बस में बैठकर निकली थीं। रायगढ़ से ट्रेन में बैठकर दिल्ली जाने वाली थी।

# गंदगी फैलाने पर रायपुर नगर निगम सख्त, ज्वेलरी और नाश्ता सेंटर से वसूला जुर्माना

**रायपुर ( ए )।** नगर पालिक निगम रायपुर ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है और लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर विनय मिश्रा के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव की उपस्थिति में जोन के तहत आने वाले सदरबाजार में स्थित सुमित ज्वेलर्स के संचालक पर गन्दगी फैलाए जाने की जन शिकायत सही पाकर तत्काल 3000 रूपये का जुर्माना किया। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, आयुक्त प्रभात मलिक, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के आदेशानुसार गन्दगी फैलाए जाने पर निरंतर जुर्माना किया जा रहा है एवं भविष्य में गन्दगी नहीं फैलाने एवं स्वच्छता बनाये रखने की लगातार हिदायत दी जा रही है। वहीं जोन क्षेत्र के तहत आने वाले लाल गंगा बिल्डिंग के समीप सतीश नाश्ता सेंटर के संचालक पर गन्दगी फैलाने की जन शिकायत प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान सही मिलने पर तत्काल 1000 रूपये का जुर्माना किया। वहीं एक अन्य नाश्ता दुकान में गन्दगी निरीक्षण के दौरान पाये जाने पर जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सम्बंधित नाश्ता दुकान के संचालक पर तत्काल 500 रूपये का जुर्माना करने की कार्यवाही की. सम्बंधित तीनों दुकान संचालकों को भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी दी गयी है। इस प्रकार गन्दगी से सम्बंधित जनशिकायतों का जोन के स्तर पर जोन क्रमांक 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा त्वरित निदान किया गया। इसी प्रकार से आज नगर निगम जोन क्रमांक 2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर विनोद पाण्डेय के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन के तहत एक गुपचुप ठेला के संचालक पर गन्दगी फैलाए जाने की जनशिकायत सही मिलने पर तत्काल 1000 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिये कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला एवं गन्दगी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

# सीआईएसएफ जवान की जगह ड्यूटी करने वाला दोस्त गिरफ्तारः भेष बदलकर 11 महीने तक करता रहा ड्यूटी, मामला खुला तो आरोपी हो गया था फरार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने जेल में निरुद्ध सीआईएसएफ जवान की जगह भेष बदलकर ड्यूटी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दोस्त की जगह जवान बनकर 11 महीने तक ड्यूटी की। जब इसके बार में विभागीय अधिकारियों को पता चला तो उन्होंने इसी शिकायत उतई थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपी फरार था।

एएसपी ग्रामीण अंनत साहू ने बताया कि 25 नवंबर 2021 को सीआईएसएफ की तरफ से उतई थाने में इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया था कि गाजीपुर उत्तर प्रदेश निवासी रमेश यादव (35) सीआईएसएफ में सिपाही है। उसके स्थान पर उसका दोस्त शशि कुमार यादव निवासी उत्तर प्रदेश नौकरी कर धोखाधड़ी



कर रहा था। शशि यादव ने रमेश की जगह 17 फरवरी 2021 से लेकर 29 सितंबर 2021 तक नौकरी की। इसके बाद रमेश फिर से ड्यूटी पर आ गया।

इसकी जानकारी अधिकारियों को लग गई। सीआईएसएफ ने 25 नवंबर 2021 को रमेश को गिरफ्तार कर उतई पुलिस के हवाले किया। उतई पुलिस ने इस मामले में रमेश और शशि यादव के खिलाफ धारा 42 0,34 के तहत अपराध दर्ज किया। इससे पहले की शशि को पुलिस गिरफ्तार करती वह फरार हो गया। वह काफी दिनों से पुलिस से बच-बच कर रह रहा था। 24 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि शशि उतई क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर उसकी घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार किया।

# नारकोटिक्स सेल ने पकड़ी नशीली दवाइयों की खेप

**भिलाई ( ए )।** जिले की नारकोटिक्स सेल ने नेवई थाना क्षेत्र के स्टेशन मरोदा में नशीली दवाइयों का कारोबार करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से करीब पांच हजार नशीली दवाइयां जब्त की गई हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा के रंजना मेडिकल के पीछे रहने वाले आरोपित नारायण साहू उर्फ नाथू (30) को नशीली दवाइयों के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अपने घर से नशीली दवाइयों का कारोबार कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उसके पास से नशीली दवाइयां जब्त की। आरोपित के



पास से एल्प्रोजलम टैबलेट और स्पास ट्रान्केन प्लस कैप्सूल जब्त किया गया है। बता दें कि जिले की नारकोटिक्स सेल ने मोहन नगर और खुर्सीपार में नशीली दवाइयों का कारोबार करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी। इसके बाद अभी नेवई थाना क्षेत्र में नशीली दवाइयों का कारोबार करने वाले नारायण साहू उर्फ नाथू को नशीली दवाइयों के साथ गिरफ्तार किया है।



























## खास - खबर



### समाज कल्याण विभाग ने किया ओम सत्यम जन विकास समिति के पदाधिकारियों का सम्मान

**दुर्ग।** ओम सत्यम जन विकास समिति के पदाधिकारियों का सम्मान आज समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण डोनर ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्ष भी लोक कल्याण के क्षेत्र में ओम सत्यम जन विकास समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस वर्ष भी उन्होंने बहुत अच्छा कार्य किया। आदिवासी छात्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन के साथ ही समिति ने केंद्रीय जेल के बंदियों के लिए भी नेत्र परीक्षण कर उन्हें चश्मा उपलब्ध कराया। वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उनकी दवाइयों के संबंध में भी व्यवस्था की। विभाग द्वारा समिति के सीताराम ठाकुर और दिलीप ठाकुर का सम्मान किया गया। इस दौरान विभाग के परीवीक्षा अधिकारी कमलेश पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन का परिक्षेत्रीय सम्मेलन 14 अप्रेल को निकुम में

**दुर्ग।** दुर्ग ब्लाक के किसानों की बैठक निकुम में हुई बैठक में आसपास के आधा दर्जन गांव के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए, बैठक में क्षेत्र के किसानों और किसानी की समस्याओं पर चर्चा की गई, बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रेल को निकुम में किसानों का परिक्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमें खेती किसानी सहित राजस्व मामलों पर चर्चा की जायेगी, सम्मेलन में मनरेगा मजदूरों, किसान मित्रों और ग्रामीणों की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा होगी। निकुम की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के राजकुमार गुप्त, उत्तम चंद्राकर, रिसामा के ढालेश साहू, चिंगरी के खोमेंद्र साहू, तिरगा के राकेश कौशिक के अलावा निकुम, रूदा, आलबरस, आमटी आदि गांवों के प्यारेलाल यादव, राजेश साहू, कांति देशमुख, कल्याण देशमुख, रोमनाथ साहू, यशवंत कुमार, धनुष साहू, हरखराम आदि शामिल थे।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** भारत सरकार की रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की संस्था सिपेट एवं एमएसएमई दुर्ग के द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन कर ट्रेडवार नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ 30 मार्च 2022 तक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग एवं कार्यालय अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र दुर्ग में आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दुर्ग से संपर्क कर सकते है।

# विधायक यादव एवं महापौर पाल के प्रयासों से हुडको में पट्टा निष्पादन की कार्यवाही प्रारंभ

## कैंप लगाकर पट्टा पंजीकरण के लिए भी लिया गया आवेदन, बड़ी संख्या में निवासी रहे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से आमदी नगर हुडको निवासी जिन्हें बी.एस.पी. से पट्टा नहीं मिला है उनका नए पट्टे बनाने के लिए तथा जिन्हें पट्टा प्राप्त हो चुका है और उनका पंजीकरण नहीं हुआ है इनके पंजीकरण करने के लिए आवेदन लेने हेतु आज मिलन चौक हुडको सियान सदन के पास शिविर का आयोजन किया गया।**



शिविर में बड़ी संख्या में प्रभावित लोग मौजूद रहे और उन्होंने पट्टा पंजीकरण के लिए आवेदन किया। शिविर में प्रमुख रूप से आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी उपायुक्त सुनील अग्रहरी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रेरणा सिंह, महापौर परिषद के सदस्य एवं स्थानीय पार्षद सीजू एंथोनी,एमआईसी मेंबर एकांश बंछोर, जोन आयुक्त प्रीति सिंह, सहायक अभियंता सुनील दुबे, रवि, राजू एवं जावेद इत्यादि मौजूद रहे।

हुडको में पट्टा निष्पादन की कार्यवाही नजूल शाखा दुर्ग द्वारा की जा रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र के मूल आबंटितीयो के द्वारा स्वयं अथवा उनके वारिसानो (मूल आबंटिती मृत होने पर) के आवेदन पर आवासीय एवं व्यवसायिक हेतु गाइडलाइन के तहत एवं नियम के अनुसार भू भाटक निर्धारित निष्पादन किया जा रहा है। पट्टा पंजीयन हेतु 60 दिवस की बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है। 60 दिवस के पश्चात भी अब पंजीयन कराया जा सकता है। ऐसे पट्टे धारी जिन्होंने पूर्व में प्राप्त नजूल पट्टे का पंजीयन नहीं कराया है उनके लिए मूल पट्टेदार स्वयं जीवित होने पर पंजीयन करा सकते हैं।

मूल पट्टेदार के फौत होने की दशा में वैध वारिसान अपने नाम नजूल शाखा में आवेदन देकर पट्टा निष्पादन करवाकर पंजीयन करवा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि काफी वर्षों से जमीन का मालिकाना हक प्राप्त करने जैसे कि पट्टा बनवाने तथा निर्मित पट्टा का पंजीकरण कराने के लिए हुडको निवासी प्रयासरत थे। जिसे विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल तथा स्थानीय पार्षद सीजू एंथोनी ने संज्ञान में लिया और इस पर कार्यवाही प्रारंभ कराई। अब पट्टा बनवाने के साथ ही पट्टा पंजीकरण के लिए शिविर लग रहा है।

#### 15 साल तक कुंभकर्णी नींद में सोए रहे

## विकास कार्यों की सौगात मिली तो भाजपा नेता बौखलाहट में कर रहे विरोध की राजनीति - वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने भाजपा नेताओं पर प्रहार करते हुए कहा है कि आखिर वे विकास कार्यों का विरोध क्यों कर रहे हैं। भाजपा शासनकाल के दौरान दुर्ग में विकास कार्य पूरी तरह ठप रहा। आज जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में दुर्ग में विकास कार्य तेजी से किये जा रहे हैं, तो भाजपा नेता बौखलाहट में विरोध की राजनीति कर रहे हैं। वोरा ने तीखे लहजे में कहा कि 15 साल तक भाजपा नेता कुंभकर्णी नींद में क्यों सोए रहे ? विकास कार्य क्यों नहीं कराए गए ?

वोरा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में डेढ़ दशक में दुर्ग शहर की दुर्दशा होती रही। भाजपा नेता जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति ही नहीं दिला पाए। कोई और बड़े विकास कार्य भी नहीं करा पाए। आज जब कांग्रेस शासन में 64 करोड़ की लागत से जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण का कार्य आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है तो भाजपा नेता कुंभकर्णी नींद से जागकर विकास कार्यों का विरोध करने लगे हैं।

वोरा ने कहा कि 64 करोड़ की लागत से जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के साथ ही दुर्ग शहर में 12 करोड़ की लागत से स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट लगाने के कार्य हो रहे हैं। 14 करोड़ की लागत से ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का कार्य अंतिम चरण में है। 30 करोड़ की लागत से शिवनाथ तट पर लक्ष्मण झूला की मंजूरी भी मिल चुकी है। वार्डों में मूलभूत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इतने विकास कार्यों की सौगात मिलने से भाजपा नेता बौखला गए हैं। इसी बौखलाहट के कारण भाजपा नेता जीई रोड में विकास कार्य का विरोध कर रहे हैं।

# अस्थाई रूप से स्वास्थ्य केंद्र का संचालन प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट लौह अयस्क खनन परियोजना में संयंत्र द्वारा वर्षों से निभाई जा रही निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियां के अंतर्गत खनन प्रभावित ग्राम एवं जिले के अन्य गांवों में पेयजल व्यवस्था, नारायणपुर/अबूझमाड़ क्षेत्र के बालिकाओं को भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बीएससी नर्सिंग का कोर्स कराया जाना, खनन प्रभावित गांवों के युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं खनन परियोजना में रोजगार उपलब्ध कराने प्रशिक्षण, खेल गतिविधियां एवं प्रशिक्षण, उन्नत कृषि तकनीक का प्रशिक्षण, गांव-गांव में सोलर लाईट और सोलर स्ट्रीट लाईट एवं सोलर लालटेन का वितरण, सामुदायिक भवन का निर्माण सहित अन्य जनहितकारी कार्य के अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविरों का निरंतर आयोजन किया जाता रहा है। रामकृष्ण मिशन आश्रम को अबूझमाड़ क्षेत्र के कुंदला एवं आकाबेड़ा में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु ओपीडी भवन निर्माण के लिए राशि भी प्रदान की गयी है। वहीं बीएसपी द्वारा रामकृष्ण मिशन आश्रम के माध्यम से रावघाट खदान क्षेत्र अंतर्गत मोबाइल मेडिकल सेवाएँ प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में 23 मार्च 2022 को रावघाट खदान क्षेत्र के खोड़गाँव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने हेतु रामकृष्ण मिशन आश्रम के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र के संचालन हेतु सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के बीच एम्ओयू पर हस्ताक्षर किये गये।

# रंगोत्सव पर वोरा निवास में उमड़ा महिलाओं का हुजूम बहनों ने उत्साह से खेली फूलों की होली, मचाई धूम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा के निवास में लंबे समय से समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राखी, दीवाली, होली आदि का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता रहा है।**



इस बार ,रंगों एवं एकता के त्योहार होली के दिन शहर वासियों एवं कांग्रेसियों द्वारा रंगोत्सव धूमधाम से मनाया ही गया उसके बाद भी त्यौहार का उत्साह लगातार जारी है। बुधवार को शहर भर के महिला संगठनों की बहनों एवं महिला कांग्रेस से जुड़ी पदाधिकारियों ने वोरा निवास में जमकर समां बांधा। फूलों एवं पंखुड़ियों से धूमधाम से होली खेल कर फाग गीत गाया। शहर के लगभग सभी वार्डों से आई महिलाओं ने विधायक वोरा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजू वोरा को होली की बधाई दी । वोरा ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शहर की माताओं एवं बहनों का आशीर्वाद ही उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है।

जिस तरह से सभी वर्ग एवं धर्म की महिलाओं द्वारा उत्साह के साथ फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया है यह अपने आप मे दुर्ग की संस्कृति एवं परंपरा का एक उदाहरण है। होली के त्यौहार का अपना एक महत्व है एकता भाई चारे का संदेश देने के साथ ही यह त्यौहार हमें भक्त प्रह्लाद के माध्यम से ईश्वर पर विश्वास एवं अटूट आस्था बनाए रखने भी प्रेरित करता है। उन्होंने सभी के प्रति आभार जताते हुए शहर वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के तहत 38 जोड़ो का हुआ विवाह



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रदेश में बालिकाओं के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना संचालित है। जिसके तहत विवाह की संपूर्ण सामग्री, वस्त्र ,अलमीरा, पेटी, बर्तन, मंगलसूत्र एवं एक हजार रुपया चेक के माध्यम से दिया जाता है।

जिससे कि विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च पर रोक लगती है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन बुधवार 23 मार्च को वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन में किया गया।


इस कार्यक्रम में 38 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नव दंपतियों की सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, गिरवर प्रसाद, सुश्री नीता लोधी, श्रीमती तुलसी साहू, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती पूजा अग्रवाल, पर्यवेक्षक श्रीमती शिल्पा श्रीवास्तव और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




#### भिलाई - चरोदा नगर निगम: महापौर निर्मल कोसरे ने पेश किया लाभ का बजट

# विकास एवं जनहित के कार्यों में खर्च होगा 2 अरब 56 करोड़ 88 लाख 82 हजार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई - चरोदा नगर निगम क्षेत्र में आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान जनहित और विकास के लिए 2 अरब 56 करोड़ 88 लाख 82 हजार रुपए व्यय किया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने आज अपने कार्यकाल का पहला बजट प्रस्तुत करते हुए विकास को लेकर जज्बा दिखाया है। बजट में 2 अरब 47 करोड़ 37 लाख 44 हजार रुपए आय का अनुमान लगाया गया है। प्रारंभिक अवशेष 9 करोड़ 75 लाख 67 हजार मिलने से नगर निगम को 2022 ङ्क 23 के अंतिम में 24 लाख 29 हजार रुपए के लाभ होने का अनुमान बजट में लगाया है।

नगर निगम भिलाई - चरोदा की सामान्य सभा में महापौर निर्मल कोसरे ने आज अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। सभापति कृष्णा चंद्राकर के आदेश पर सामान्य सभा की बैठक शुरू हुई। प्रारंभ में विकास कार्यों से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के पार्षदों के बीच नोंकझोंक हुई। महापौर ने विपक्षी पार्षदों के सवाल का जवाब दिया। प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद महापौर निर्मल कोसरे ने बजट पेश किया।

बजट में 2022 - 23 के लिए 2 अरब 47 करोड़ 37 लाख 44 हजार रुपए विभिन्न मदों से आय होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं इस दौरान 2 अरब 56 करोड़ 88 लाख 82 हजार रुपए जनहित, कार्यालयीन कामकाज, कर्मचारियों के वेतन भत्ते सहित 40 वार्ड के विकास कार्यों में व्यय का अनुमान रखा गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम को 9 करोड़ 75 लाख 67 हजार रुपए अंतिम अवशेष मिले हैं। इस राशि को आगामी वित्तीय वर्ष के अनुमानित आय में समायोजित किए जाने पर निगम को आय से अधिक व्यय करने के बावजूद बजट में 24 लाख 29 हजार रुपए का लाभ होने का अनुमान रखा गया है।

महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान स्थापना व्यय 10 करोड़ 78 लाख रुपए प्रावधानित था। जिसके विरुद्ध 7 करोड़ 44 लाख 29 हजार व्यय हुआ।

इस बार 9 करोड़ 99 लाख 76 हजार रुपए का प्रावधान इस मद में रखा गया है। सार्वजनिक सुरक्षा के तहत मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए 3 करोड़, सोलर लाइट से मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु 3 करोड़, जल गृह मार्ग प्रकाश और अन्य विद्युत देयक भुगतान के लिए 3 करोड़ 40 लाख का प्रावधान किया गया है। जन स्वास्थ्य एवं सुविधाओं के तहत आगामी बजट में 36 करोड़ 40 लाख 80 हजार रुपए की राशि प्रावधानित किया गया है। इस राशि से पेयजल व्यवस्था, नलकूप खनन, पाइपलाइन विस्तार, कुंआ और जलाशयों का निर्माण व उन्नयन किया जाएगा।

निगम क्षेत्र के साफसफाई हेतु 1 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किया जाएगा। शिवर लाइन निर्माण व मरम्मत के लिए 2 करोड़ एवं सुलभ शौचालयों का निर्माण करने 75 लाख रुपए प्रावधानित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान रखा गया है। श्रृद्धांजलि योजना के तहत लाभ देने के लिए 3 लाख 50 हजार रुपए प्रावधानित किया गया है। बजट बैठक में निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर, सचिव अश्वनी चन्द्राकर, लेखापाल राजकुमार देवांगन, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950